RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 44 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,बुधवार, 12 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

### घाटी में आतंकी धमकी के बाद बड़ा फैसला

# 20 अगस्त तक कश्मीरी पंडित कर्मचारियों की छुट्टी

**स्टेडियम ड्यूटी रद्द**

### लिखित आदेश नहीं, मौखिक निर्देश जारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । कश्मीर घाटी में मौजूदा सुरक्षा परिस्थितियों और कश्मीरी पंडित एवं अन्य अल्पसंख्यक कर्मचारियों की चिंताओं को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाया है। श्रीनगर में कार्यरत पीएम पैकेज, नॉन-पीएम पैकेज और प्रवासी कर्मचारियों को 20 अगस्त 2026 तक कार्यालयों में भौतिक उपस्थिति से विशेष राहत दी गई है। इसके साथ ही उन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्टेडियम में होने वाले आधिकारिक समारोह की ड्यूटी से भी अलग रखा गया है। श्रीनगर में करीब 2,800 कर्मचारियों को सुरक्षा चिंताओं के बीच फिजिकल अटेंडेंस से छूट और स्वतंत्रता दिवस की स्टेडियम ड्यूटी से भी रखा गया दूर। प्रशासन की ओर से इस संबंध में फिलहाल कोई औपचारिक लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। हालांकि संबंधित अधिकारियों, विभागाध्यक्षों और ड्राइंग एंड डिसबर्सिंग अधिकारियों को मौखिक निर्देश दिए गए हैं ताकि कर्मचारियों को तत्काल राहत मिल सके। यह फैसला श्रीनगर एम्प्लॉइज कलेक्टिव की ओर से जिला उपायुक्त अक्षय लबरू को भेजे गए पत्र के बाद लिया गया।



**कर्मचारियों ने की थी** कर्मचारी संगठन ने घाटी में पूर्व में हुई लक्षित हत्याओं का हवाला देते हुए कर्मचारियों और उनके परिवारों में सुरक्षा को लेकर बनी चिंता से प्रशासन को अवगत कराया था।

**स्टेडियम ड्यूटी से छूट की मांग**- कर्मचारी संघ ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की स्टेडियम ड्यूटी से राहत देने के साथ कार्यालय में भौतिक उपस्थिति से भी अस्थायी छूट की मांग की थी। संघ ने सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए कर्मचारियों को 25 अगस्त तक कार्यालय आने से छूट देने का अनुरोध किया था। प्रशासन ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए फिलहाल 20 अगस्त तक भौतिक उपस्थिति से राहत देने का निर्णय लिया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित कर्मचारियों को विभागीय स्तर पर किसी तरह की परेशानी या भ्रम का सामना न करना पड़े।

### कई कर्मचारी परिवार सहित जम्मू रवाना

एक पीएम पैकेज कर्मचारी ने बताया कि इन निर्देशों के बाद बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित कर्मचारी अपने परिवारों के साथ जम्मू रवाना हो चुके हैं। हालांकि, जिन कर्मचारियों के बच्चे घाटी में पढ़ रहे हैं उनमें से कुछ अभी यहीं रुके हुए हैं। उन्हें मौखिक रूप से बताया गया है कि फिलहाल उन्हें कार्यालयों में भौतिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। कर्मचारियों का कहना है कि यह राहत मौजूदा परिस्थितियों में उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता कम करने में मदद करेगी।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले बीएसफ कैंप में घुसपैठ की कोशिश

**संदिग्ध के मोबाइल में मिले पाकिस्तानी नंबर**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । स्वतंत्रता दिवस से पहले राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रायसिंहनगर स्थित 163वीं बटालियन के कैंप में घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध को पकड़ लिया। आरोपी बिना अनुमति कैंप की दीवार फांदकर अंदर प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। उसके मोबाइल फोन की जांच में पाकिस्तानी नंबरों से कॉल और मैसेज का रिकॉर्ड मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। बीएसएफ की रिपोर्ट पर रायसिंहनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त पूछताछ केंद्र (JIC) भी आरोपी से पूछताछ करेगा। बीएसएफ की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, 9 अगस्त 2026 को शाम करीब 6:05 बजे गांव 02 एफएफ निवासी सुभाष चंदर पुत्र गोविंद राम बीएसएफ कैंप की दीवार फांदकर परिसर में घुसने का प्रयास कर रहा था। ड्यूटी पर तैनात जवानों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी का रायसिंहनगर सीएचसी में मेडिकल कराया गया और उसे रायसिंहनगर पुलिस के हवाले कर एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रारंभिक पूछताछ और आरोपी के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल्स की जांच में सामने आया कि वह पाकिस्तान के कंट्री कोड +92 वाले कई मोबाइल नंबरों के संपर्क में था। जांच में इन नंबरों पर कई बार कॉल और मैसेज किए जाने के प्रमाण मिले हैं।



# 'वंदे मातरम' बिल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी

### जन गण मन जैसा मिलेगा कानूनी संरक्षण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एक विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसके तहत जानबूझकर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन में बाधा डालना या उसे रोकना अपराध माना जाएगा। सरकार के एक बयान में कहा गया है कि इसे वही कानूनी सुरक्षा मिलेगी जो अभी राष्ट्रीय गान को हासिल है।



**नए कानून में क्या है?**

राष्ट्रपति की सहमति से राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026, कानून बन गया है। लोकसभा ने 30 जुलाई को विधेयक पारित किया था, जबकि राज्यसभा ने इसे एक दिन पहले ही मंजूरी दे दी थी। इस विधेयक के अंतर्गत वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान दर्जा दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में पहली बार लाल किले की प्राचीर से वंदे मातरम गाया जाएगा। इससे पहले, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम के तहत जानबूझकर राष्ट्रगान (जन गण मन) गाने से रोकना या ऐसे गायन में लगे किसी भी सभा में अशांति पैदा करना प्रतिबंधित था।

**कितने साल की सजा हो सकती है?**

इन अपराधों के लिए अधिकतम तीन साल की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती थी, जबकि दूसरी और उसके बाद की हर सजा के लिए कम से कम एक साल की कैद का प्रावधान था। पूर्ववर्ती कानून में राष्ट्रगान को समान संरक्षण प्रदान नहीं किया गया था।

### बिल में क्या कहा गया था?

बिल में कहा गया था, 'अभी 'वंदे मातरम' के गायन के अपमान को रोकने के लिए कोई खास कानूनी प्रावधान नहीं है, जबकि इसे राष्ट्रीय गीत का सम्मान प्राप्त है। इसलिए, किसी व्यक्ति को जानबूझकर राष्ट्रीय गीत गाने से रोकने या ऐसे गायन में लगी किसी सभा में बाधा डालने से रोकने के लिए, उक्त अधिनियम की धारा 3 में संशोधन करके राष्ट्रीय गीत को भी इसके दायरे में लाने का प्रस्ताव है, ताकि ऐसे कार्यों को दंडनीय बनाया जा सके।'

# 'अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग, इस सच को कोई नहीं बदल सकता'

**● विदेश मंत्रालय ने चीन के दावों पर साफ किया रुख**

**एजेंसी**

**दिल्ली।** दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश और अरुणाचल प्रदेश से जुड़े दो अहम मुद्दों पर भारत का रुख स्पष्ट किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारतीय दूत दिनेश त्रिवेदी ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री रहमान से मुलाकात की। भारत ने उन्हें द्विपक्षीय यात्रा के साथ-साथ दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स आउटरीच सत्र के लिए भी आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत की ओर से बांग्लादेश के प्रधानमंत्री को द्विपक्षीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा



उन्हें दिल्ली में आयोजित होने वाले ब्रिक्स आउटरीच सत्र में शामिल होने का न्योता भी दिया गया है। जायसवाल ने कहा कि इस मामले से जुड़ी आगे की जानकारी समय-समय पर साझा की जाएगी।

**सीमा शांति सबसे अहम**

दिल्ली में मीडिया ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत-चीन सीमा संबंधी मामलों पर भारत का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है। भारत ने यह भी स्पष्ट किया है कि सीमा की स्थिति का असर दोनों देशों के व्यापक द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ता है।

चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश को लेकर आई प्रतिक्रिया पर पूछे गए सवाल के जवाब में रणधीर जायसवाल ने भारत की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह एक ऐसी वास्तविकता है जो स्वयं स्पष्ट है और इस निर्विवाद सच्चाई को कुछ भी नहीं बदल सकता।

### पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर पर भारत का रुख

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके) की स्थिति पर भारत का रुख दोहराते हुए कहा कि भारत वहां के घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर भारत गंभीर चिंता व्यक्त करता रहा है। रणधीर जायसवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों पर जवाबदेही तय करने के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि भारत इस मुद्दे को लेकर अपनी चिंता पहले भी व्यक्त करता रहा है और आगे भी स्थिति पर नजर बनाए रखेगा।

### राहुल गांधी पर कंगना रनौत का हमला

# बोलीं, राहुल गांधी भगोड़े साबित हो रहे



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष और सरकार के बीच जारी गतिरोध को लेकर भारतीय जनता पार्टी सांसद कंगना रनौत ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। संसद परिसर के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कंगना ने कहा कि विपक्ष पहले सदन में चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा कर रहा था, लेकिन अब जब चर्चा होने जा रही है तो वह उससे पीछे हट रहा है। कंगना रनौत ने कहा, 'पहले उन्होंने (विपक्ष ने) चर्चा के लिए इतना हंगामा किया। अब जब चर्चा होने जा रही है तो वे इससे भाग रहे हैं। वे अमित शाह जी को सुनना नहीं चाहते। ऐसे सदन कैसे चलेगा? ' भाजपा सांसद ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश देख रहा है कि विपक्ष किस तरह 'राष्ट्रविरोधी ताकतों के हाथों में चला गया है।' उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि विपक्ष ने सदन को एक दिन भी सुचारु रूप से चलने नहीं दिया है।

# प्रधानमंत्री ने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की

**● कहा-घरों में उत्सव की तरह मनाएं 'हर घर तिरंगा, हर मन तिरंगा'**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान को उत्सव के रूप में मनाने की अपील की है। पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए कहा, 'आइए, हर घर तिरंगा को हर घर में एक उत्सव के रूप में मनाएं।' आइए 15 अगस्त को आन-बान-शान से मनाएं, स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दें और विकसित भारत का संकल्प लें।' देशवासियों से अपील करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा, हर मन तिरंगा। आइए, हर घर पर तिरंगा लहराइए।' पीएम मोदी द्वारा शेयर वीडियो में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ एनडीए के नेता दिखाई दिए। इससे पहले मंगलवार को संसद पुस्तकालय में आयोजित 'मंगल मिलन' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तिरंगा ध्वज के साथ नजर आए। सांसदों के हाथ में तिरंगा था।

पीएम मोदी की अपील पर सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पोस्ट में लिखा कि आइए, स्वतंत्रता के अमर सेनानियों को नमन करें, जिन्होंने अपने त्याग, तप और बलिदान से भारत की स्वाधीनता का मार्ग प्रशस्त किया। पीएम मोदी ने ने हर दिल्लीवासी और हर भारतवासी से 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन का राष्ट्रपर्व बनाने का आह्वान किया है। आइए, अपने घर पर तिरंगा फहराएं, वीरों के बलिदान को स्मरण करें और राष्ट्रगौरव के इस उत्सव को हर गली, हर कॉलोनी तक पहुंचाएं। हर घर तिरंगा। हर मन तिरंगा। भारत माता की जय। उन्होंने कहा कि 9 से 17 अगस्त तक आयोजित हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ें और अपने घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपने गौरव, सम्मान और समर्पण की भावना को अभिव्यक्त करें। साथ ही, राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 गौरवशाली वर्षों के अवसर पर इसकी अमर भावना और माँ भारती की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले बलिदानियों को नमन करें।




**15 अगस्त को आन-बान-शान से मनाएं, स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दें और विकसित भारत का संकल्प लें।' : मोदी**

# उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

### 114 दिनों में 47 लाख से अधिक भक्तों ने किए दर्शन

**मानसून को देखते हुए राज्य का आपदा प्रबंधन तंत्र 24 घंटे अलर्ट मोड पर है**

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड में मानसून की चुनौतियों के बीच चारधाम यात्रा लगातार जारी है। यात्रा शुरू होने के 114 दिनों में अब तक 47 लाख से अधिक श्रद्धालु बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। प्रदेश सरकार के अनुसार, 10 अगस्त तक कुल 47,02,703 श्रद्धालु चारों धामों में दर्शन कर चुके हैं। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में इस बार 4.68 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। वर्ष 2025 में समान अवधि में यह संख्या करीब 42,34,147 थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि चारधाम यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मानसून को देखते हुए राज्य का आपदा प्रबंधन तंत्र 24 घंटे अलर्ट मोड पर है और सभी जिलाधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। यात्रियों से भी मौसम की स्थिति को देखते हुए ही यात्रा करने की अपील की गई है।उन्होंने कहा कि चारों धामों और यात्रा पड़ावों पर यात्रियों के ठहरने, भोजन तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर यात्रियों की सहायता के लिए सुरक्षा जवानों की तैनाती की गई है। राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से भी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।



### सरकारी आंकड़ों के अनुसार -

अब तक बद्रीनाथ में 16,12,112, केदारनाथ में 14,50,116, गंगोत्री में 7,37,629 और यमुनोत्री धाम में 6,62,347 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहीं, हेमकुंट साहिब में 2,40,499 श्रद्धालु शीश नवा चुके हैं।

# केरल का नाम केरलम किए जाने वाला विधेयक लोकसभा से पारित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' किए जाने से जुड़ा विधेयक शोर-शराबे के बीच बिना किसी चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। खगोलशास्त्र केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने आज सदन में शोर-शराबे के बीच केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 चर्चा हेतु पेश किया और संक्षिप्त में जवाब दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि विधेयक के पारित किए जाने के कुछ कांग्रेस सांसदों ने विरोध किया है। दूसरी संसदीय कार्यमंत्री ने किरेन रिजिजू ने विधेयक पारित होने के बाद दुख जताया कि विधेयक पर वरिष्ठ सदस्य केसी वेणुगोपाल को बोलने का अवसर नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में पिछले दो सप्ताह से जारी व्यवधान आज भी जारी रहा।

# सेना प्रमुख ने हरियाणा के राज्यपाल के साथ की बैठक



**आर्मी चीफ ने राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्र-निर्माण के प्रति इंडियन आर्मी की प्रतिबद्धता और संकल्प के बारे में गवर्नर को भरोसा दिलाया।**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** आर्मी चीफ जनरल धीरज सेठ ने मंगलवार को हरियाणा लोक भवन में हरियाणा के गवर्नर प्रो. असीम कुमार घोष से मुलाकात की। इस बातचीत के दौरान सिविल-मिलिट्री तालमेल और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में लेडी गवर्नर मित्रा घोष, वेस्टर्न कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह, गवर्नर के सचिव विजय कुमार भाविकट्टी और आर्मी हेडक्वार्टर व राज्य सरकार के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इंडियन आर्मी की कमान संभालने के बाद आर्मी चीफ की गवर्नर के साथ यह पहली मुलाकात थी। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें आंतरिक सुरक्षा, युवाओं का सशक्तिकरण, अग्निवीरों का रोजगार, पूर्व सैनिकों का कल्याण, हाउसिंग प्रोजेक्ट, आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कदम और ऑपरेशनल तैयारी शामिल हैं। बैठक में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने और उनके असर को कम करने के उपायों पर भी चर्चा की गई।

## नशा तस्करों पर राजस्थान पुलिस का बड़ा प्रहार

# 30 दिन का अभियान, 20 दिन में 1158 नशा तस्कर गिरफ्तार

### 9750 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त

### मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों पर 20 जुलाई से शुरू हुआ प्रदेशव्यापी अभियान

### अभियान में 848 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज, बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त





स्मार्ट हलचल

**जयपुर** राजस्थान को नशामुक्त बनाने की दिशा में राजस्थान पुलिस प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के संकल्प एवं नेतृत्व में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार धरपकड़ कार्रवाई की जा रही है। गत 20 जुलाई से शुरू हुए एक माह के विशेष अभियान के पहले 20 दिनों में पुलिस ने प्रदेशभर में 848 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज कर 1158 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। विभिन्न पुलिस रेंज एवं पुलिस आयुक्तालयों में कार्रवाई के दौरान 9750 किलोग्राम से अधिक डोडा पोस्त, डोडा चूरा, अफीम, गांजा, स्मैक, एमडीएमए और हेरोइन सहित अन्य मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। यह विशेष अभियान 20 अगस्त तक जारी रहेगा। पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में चल रहे अभियान में विशेष रूप से वाणिज्यिक मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी और बड़े तस्करों के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया जा रहा है। पुलिस ने नशे की सप्लाई चेन और तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए गिरफ्तारी के साथ-साथ मादक पदार्थों के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की पड़ताल भी तेज कर दी है।

**बीकानेर रेंज में 273 तस्कर गिरफ्तार**

नारकोटिक्स के खिलाफ कार्रवाई में बीकानेर रेंज ने सर्वाधिक 206 प्रकरण दर्ज कर 273 तस्करों को गिरफ्तार किया। अजमेर रेंज में 92 प्रकरणों में 144, कोटा रेंज में 86 प्रकरणों में 125, जोधपुर रेंज में 80 प्रकरणों में 118, जयपुर रेंज में 96 प्रकरणों में 117 तथा उदयपुर रेंज में 111 प्रकरणों में 185, भरतपुर रेंज में 56 प्रकरणों में 73 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। वहीं, जयपुर आयुक्तालय में 92 प्रकरणों में 91 तथा जोधपुर आयुक्तालय में 29 प्रकरणों में 32 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

**हार्डकोर अपराधियों पर भी शिकंजा**

इस विशेष अभियान के दौरान 2067 हार्डकोर अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध 2085 कार्यवाई की गई। अभी तक 1624 हार्डकोर अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अवैध हथियारों पर 319 प्रकरण दर्ज कर 396 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**साइबर अपराध में 8.24 करोड़ रुपये होल्ड**

साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में 624 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने 8 करोड़ 24 लाख रुपए से अधिक राशि होल्ड कराते हुए 2 करोड़ 91 लाख 63 हजार रुपए से अधिक राशि पीड़ितों को वापस दिलाई है। अवैध खनन के खिलाफ भी पुलिस ने शिकंजा कसा है। अभियान के दौरान 650 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है।

**नाकाबंदी से लेकर महिला सुरक्षा तक सख्ती**

अभियान के तहत 9663 स्थानों पर नाकाबंदी कर 7 लाख 4 हजार से अधिक वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर मोटर व्हीकल एक्ट में 2 लाख 32 हजार से अधिक कार्रवाईयां की गई। इनमें पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और ओवरलोडिंग सहित विभिन्न मामलों में सख्ती बरती। अभियान में महिला सुरक्षा से जुड़े 2835 मामलों में कार्रवाई तथा 7545 स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही 1060 सीएलजी बैठकों के जरिए आमजन से संवाद कर सामुदायिक पुलिसिंग को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए गए।

**प्रभावी अंकुश, आमजन में सुरक्षा का विश्वास**

"मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के दिशा-निर्देशों के तहत पुलिस संगठित अपराध, साइबर अपराध, महिला अपराध, नशा तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए निरंतर कार्रवाई कर रही है। पुलिस के विशेष अभियान लगातार जारी रहेंगे। इससे अपराधियों में कानून का भय और आमजन में सुरक्षा का विश्वास अधिक मजबूत होगा।"

**श्री राजीव कुमार शर्मा, पुलिस महानिदेशक, राजस्थान**

## कार से 3 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा जब्त, जोधपुर का एक तस्कर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**महेन्द्र धाकड़ बेगूं ।** पुलिस थाना बेगूं ने कार्रवाई करते हुए 3 क्विंटल 38 किलो 260 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा से भरी किआ सेल्टोस कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से मादक पदार्थ की के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बेगूं थाना पुलिस द्वारा सोमवार की रात्रि में मादक पदार्थों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए 3 क्विंटल 38 किलो 260 ग्राम अफीम डोडाचूरा से भरी हुई किआ सेल्टोस कार जब्त कर अभियुक्त राकेश पुत्र ओमप्रकाश जाति विश्नोई उम्र 26 साल निवासी मतवालों की ढाणी, बालासती थाना बिलाड़ा जिला जोधपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया हैं। इस संबंध में पुलिस थाना बेगूं पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा हैं।



## 15 अगस्त की तैयारियों पर कलेक्टर का सख्त रुख, बोले व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



### परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सफाई, सजावट, लाइटिंग से लेकर सुरक्षा-यातायात तक की व्यवस्थाओं की समीक्षा; अधिकारियों को समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के निर्देश

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य, गरिमापूर्ण और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की और साफ निर्देश दिए कि 15 अगस्त से पहले सभी व्यवस्थाएं हर हाल में पूरी कर ली जाएं। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के गौरव और राष्ट्रीय स्वाभिमान का पर्व है। समारोह में किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें। अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित समय से पहले समारोह स्थल पर पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी संभालने के निर्देश भी दिए गए।

**परेड से सांस्कृतिक कार्यक्रम तक फाइनल तैयारी**

कलेक्टर ने पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड सहित विभिन्न दलों की परेड और रिहर्सल की स्थिति जानी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रप्रेम और भारतीय संस्कृति की झलक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**शहर की सफाई और सजावट पर भी फोकस**

नगर निगम को शहर के प्रमुख मार्गों और समारोह स्थल की विशेष सफाई के साथ साज-सज्जा, रंग-रोगन और आकर्षक लाइटिंग समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए। वहीं मंच, बैठक, पेयजल, बिजली, चिकित्सा, सुरक्षा, पार्किंग और यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

**14 अगस्त की पूर्व संध्या भी होगी खास**

कलेक्टर ने 14 अगस्त की पूर्व संध्या पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एडीएम शहर प्रतिभा देवटिया, एडिशनल एसपी राजेश आर्य, यूआईटी ओएसडी पुनीत गेलरा, नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने का संकल्प, पुर गौशाला में गूंजा गौसेवा का संदेश



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** कांग्रेस नेता धीरज गुर्जर के जन्मदिवस पर आयोजित संकल्प सप्ताह के तहत मंगलवार को पुर की S.B.G.S.S. गौशाला में गौ माता को गुड़ की लपसी खिलाकर उन्हें राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने का संकल्प लिया गया। सेवादल कांग्रेस कार्यकर्ता योगेश सोनी के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, गौसेवकों व कार्यकर्ताओं ने गौ संरक्षण और सेवा को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। उपस्थित लोगों ने गौ माता के सम्मान और संरक्षण के लिए एकजुट होकर अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रोशनलाल महात्मा, रमजान मोहम्मद, मिट्ठूलाल माली, भंवर जाट, दीपक भारद्वाज, श्यामलाल पाराशर पंडित गोविंद व्यास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौशाला व्यवस्थापक छोटू गाडरी व पीयूष विश्नोई ने गौसेवा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

## सुवाणा में सर्राफा दुकान पर चोरों का धावा, दीवार में सेंध लगाकर 2 किलो चांदी ले उड़े


### पीछे की दीवार में बनाया बड़ा सुराख, 7 हजार नकदी और दो वेट मशीनें भी चोरी; सुबह दुकान खुली तो बिखरा मिला सामान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** शहर के उपनगर सुवाणा में चोरों ने सर्राफा दुकान को निशाना बनाकर सनसनीखेज सेंधमारी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान के पीछे की दीवार में बड़ा गोल सुराख बनाकर अंदर दाखिल हुए और लाखों रुपए कीमत के चांदी के जेवरात, नकदी व अन्य सामान समेटकर फरार हो गए। वारदात का पता सुबह दुकान खुलने पर चला तो इलाके में हड़कंप मच गया।

**दीवार तोड़ी और दुकान में घुस गए चोर**

मामला सदर थाना क्षेत्र के सुवाणा स्थित वर्धमान ज्वेलर्स का है। जानकारी के अनुसार बीती रात



अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे पहुंचकर पहले दीवार में बड़ा सुराख बनाया। इसके बाद इसी रास्ते दुकान के भीतर प्रवेश कर गल्ले और आलमारियों को खंगाला। चोरों ने दुकान में रखे करीब 2 किलो चांदी के जेवरात, 7 हजार रुपए नकद और वजन करने वाली दो वेट मशीनें अपने कब्जे में ले लीं। वारदात को अंजाम देने के बाद चोरों ने ज्वेलरी के खाली डिब्बे और अन्य अनुपयोगी सामान दुकान के पीछे ही फेंक दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

**सुबह दुकान खोली तो उड़े होश**

दुकान मालिक कमलेश चपलोत सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और पीछे की दीवार में बड़ा सुराख बना हुआ था। जांच करने पर जेवरात, नकदी और वेट मशीनें गायब मिलीं। इसके बाद तत्काल सदर थाना पुलिस को सूचना दी गई।

**पुलिस ने खंगाला मौका, चोरों की तलाश शुरू**

सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने दुकान मालिक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वारदात में शामिल बदमाशों तक पहुंचने के लिए पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है। सर्राफा दुकान में दीवार तोड़कर हुई इस सेंधमारी ने सुवाणा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चोरों ने वारदात से पहले दुकान की रेकी की थी या मौका देखकर सेंधमारी को अंजाम दिया।

## खाद्य सुरक्षा योजना में बड़ा फेरबदल, अपात्रों की होगी छंटनी



### 2.84 लाख लोगों ने किया 'गिव अप', 14.05 लाख लाभार्थियों को हर माह मिल रहा मुफ्त गेहूं; पात्र व वंचित परिवारों को जोड़ने पर जोर

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / खाद्य सुरक्षा योजना को अधिक पारदर्शी और पात्र लोगों तक सीमित करने की कवायद तेज हो गई है। जिला कलेक्टर सभागार में तहसील स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में एनएफएसए से अपात्र परिवारों एवं सदस्यों को हटाने तथा पात्र और वंचित लोगों को योजना से जोड़ने पर मंथन हुआ। जिला रसद अधिकारी विजेंद्र पाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत जिले में 3.92 लाख परिवारों के 14.05 लाख लाभार्थियों को प्रतिमाह करीब 7 हजार मैट्रिक टन गेहूं नि:शुल्क वितरित किया जा रहा है। वहीं अब तक 2,84,979 लोगों ने 'गिव अप' किया है, जो एनएफएसए यूनिट का 20.28 प्रतिशत है।एनएफएसए-2026 के तहत करीब 1880 आवेदन लंबित हैं, जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

### अपात्र हटेंगे, पात्र जुड़ेंगे

बैठक में एनएफएसए में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने, अपात्रों के नाम हटाने, चयन प्रक्रिया, ई-केवाईसी, गैस सब्सिडी, एलपीजी मैपिंग और 'गिव अप' योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। समिति सदस्यों से योजना को प्रभावी बनाने के लिए सुझाव भी मांगे गए। सदस्यों ने 'गिव अप' अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर देते हुए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, सरकारी कार्यालय, स्कूल, डेयरी बूथ और पंचायत मुख्यालय जैसे सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता बैनर लगाने का सुझाव दिया। बैठक में विभिन्न तहसीलों के मनोनीत समिति सदस्य, जिला रसद कार्यालय के प्रवर्तन अधिकारी एवं निरीक्षक, कार्मिक तथा राशन डीलर मौजूद रहे।

## पेंशन अटकी है तो 18 अगस्त तक करें शिकायत, 18 सितंबर को लगेगी पेंशन अदालत




### पुलिस, जलदाय, नगर निकाय और चिकित्सा विभाग के पेंशनर्स की समस्याओं का होगा समाधान; जयपुर में आयोजित होगी पेंशन अदालत

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / पेंशन प्रकरणों और पेंशन लाभ से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए पेंशन निदेशालय जयपुर की ओर से 18 सितंबर 2026 को पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। इसके लिए संबंधित पेंशनर्स से 18 अगस्त तक परिवेदनाएं मांगी गई हैं। कोषाधिकारी डॉ. गौरव सोमानी ने बताया कि पुलिस, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम/परिषद/पालिका तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनर्स और 30 जून 2026 तक सेवानिवृत्त हुए कार्मिक अपनी पेंशन संबंधी शिकायतें निर्धारित प्रारूप में दर्ज करा सकते हैं। परिवेदनाएं कोष कार्यालय भीलवाड़ा अथवा संबंधित उपकोष कार्यालय में 18 अगस्त तक जमा करानी होंगी। पेंशन अदालत में इन प्रकरणों के निस्तारण की कार्रवाई की जाएगी। परिवेदना प्रपत्र कोषाधिकारी कार्यालय व संबंधित उपकोष कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। पेंशनर्स की सुविधा के लिए प्रपत्र पेंशनर्स समाज के सोशल मीडिया ग्रुप में भी उपलब्ध कराया गया है। समय सीमा का रखें ध्यान–18 अगस्त के बाद मिली परिवेदनाओं पर इस पेंशन अदालत में विचार नहीं हो सकेगा।

## ओबीसी सूची में 'घांची' और 'तेली, हम्माल' को एक करने की मांग, उपनामों को भी मिले स्पष्ट जगह



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा। मूलचन्द पेसवानी** राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा की जिला इकाई ने ओबीसी सूची में दर्ज 'घांची' तथा 'तेली, हम्माल' की अलग-अलग प्रविष्टियों को एकीकृत करने और तेली समाज में प्रचलित उपनामों को स्पष्ट रूप से जाति प्रविष्टि में शामिल करने की मांग उठाई है। इस संबंध में महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासभा ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में राजस्थान की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में क्रम संख्या 17 पर 'घांची' तथा क्रम संख्या 18 पर 'तेली, हम्माल' दर्ज है। महासभा का कहना है कि सामाजिक, सांस्कृतिक, पारंपरिक और व्यावसायिक दृष्टि से दोनों समुदायों के बीच गहरा संबंध है। ऐसे में अलग-अलग प्रविष्टियों और समाज में प्रचलित उपनामों का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने से पात्र लोगों को जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इसका सीधा असर विद्यार्थियों और युवाओं पर पड़ रहा है। जाति प्रमाण-पत्र बनवाते समय उपनाम को लेकर उत्पन्न भ्रम के कारण छात्रवृत्ति, सरकारी नौकरी तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ लेने में प्रशासनिक अड़चनें सामने आती हैं।

**एक ही प्रविष्टि बनाने की मांग**

महासभा ने राजस्थान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अधिसूचना में आवश्यक संशोधन कर क्रम संख्या 17 'घांची' और क्रम संख्या 18 'तेली, हम्माल' को एकीकृत कर एक ही प्रविष्टि बनाए जाने की मांग की। साथ ही तेली समाज में प्रचलित राठौड़, मोदी, भाटी और साहू जैसे उपनामों को तेली जाति की प्रविष्टि के अंतर्गत स्पष्ट रूप से शामिल करने की मांग रखी गई।

महासभा का कहना है कि संशोधित अधिसूचना में जाति और उपनामों की स्थिति स्पष्ट होने से जाति प्रमाण-पत्र जारी करने वाले अधिकारियों तथा ई-मित्र केंद्रों पर किसी प्रकार का भ्रम नहीं रहेगा। इससे पात्र नागरिकों को ओबीसी श्रेणी के तहत मिलने वाले शैक्षणिक, रोजगार एवं अन्य संवैधानिक लाभ आसानी से मिल सकेंगे।

**आयोग तक पहुंचाने का आग्रह**

महासभा ने जिला कलेक्टर से ज्ञापन को उचित माध्यम से राजस्थान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई करवाने का आग्रह किया। पदाधिकारियों ने कहा कि यह मुद्दा समाज के विद्यार्थियों, युवाओं और पात्र नागरिकों के हित से सीधे जुड़ा है। प्रविष्टियों को स्पष्ट करने से लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक अस्पष्टता दूर होगी और पात्र लोगों को अपने अधिकारों का लाभ लेने में अनावश्यक परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान महासभा संरक्षक टी.सी. चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू, हरीबक्ष गुलांणिया, श्रवण लाल साहू, सुखलाल साहू, देवराज तेली, एडवोकेट कुशल साहू, गोपाल तेली, प्रहलाद राय तेली, मुकेश तेली, एडवोकेट प्रताप तेली, भगवती लाल दिया, भेरूलाल तेली, रामचन्द्र साहू सहित महासभा का प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहा।

# जहाजपुर बंद का मिला-जुला असर, अस्पताल के मुद्दे पर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## नई जगह उप जिला अस्पताल बनाने के विरोध में वरिष्ठ नागरिक मंच का आह्वान; कई दुकानें खुली रहीं, मुस्लिम समाज से जुड़े कई व्यापारियों ने भी बंद में नहीं लिया हिस्सा

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक** जहाजपुर। उप जिला अस्पताल के नए भवन को वर्तमान अस्पताल परिसर से अलग नई जगह बनाए जाने के विरोध में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक मंच के आह्वान पर जहाजपुर बंद रखा गया। हालांकि बंद का शहर के बाजार में मिला-जुला असर देखने को मिला। कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर समर्थन किया, जबकि बड़ी संख्या में दुकानें सामान्य रूप से खुली रहीं और बाजार में व्यापारिक गतिविधियां जारी रहीं। बंद के दौरान मुस्लिम समाज से जुड़े कई व्यापारियों की दुकानें भी खुली रहीं। उनके प्रतिष्ठानों पर सामान्य रूप से कारोबार होता रहा और उन्होंने बंद में हिस्सा नहीं लिया। इससे यह स्पष्ट रहा कि अस्पताल के मुद्दे पर बंद को लेकर व्यापारियों के बीच एकराय नहीं रही।

**मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

अस्पताल के निर्माण स्थल को लेकर चल रहे विवाद के बीच वरिष्ठ नागरिक मंच और अस्पताल संघर्ष समिति से जुड़े लोग मंगलवार दोपहर उपखंड कार्यालय पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उप जिला अस्पताल का नया भवन वर्तमान अस्पताल परिसर में ही बनाए जाने की मांग रखी गई। साथ ही अस्पताल में रिक्त पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति करने और






मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन से पहले नगर में माइक से ऐलान कर लोगों से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई थी। इसके बाद लोग उपखंड कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

**विधायक की प्रेस वार्ता के बाद अब राजनीतिक चर्चा भी तेज**

उप जिला अस्पताल के मुद्दे को लेकर पिछले कई दिनों से जहाजपुर में माहौल गरमाया हुआ है। कुछ दिन पहले विधायक गोपीचंद मीणा ने प्रेस वार्ता कर अस्पताल को लेकर अपना पक्ष रखा था। विधायक की ओर से क्षेत्र में कांग्रेस के राजनीतिक रूप से खत्म हो जाने की बात भी कही गई थी। अब अस्पताल के निर्माण स्थल के विरोध में सामने आए आंदोलन के बाद विधायक के उस बयान की भी स्थानीय स्तर पर चर्चा होने लगी है। लोगों के बीच सवाल उठ रहा है कि यदि क्षेत्र में कांग्रेस खत्म हो चुकी है तो अस्पताल के मुद्दे पर विरोध की आवाजें किस राजनीतिक खेमे से आ रही हैं?

**'अगर कांग्रेस खत्म हो गई तो विरोध कौन कर रहा?'**

अस्पताल विवाद अब सिर्फ निर्माण स्थल तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसके साथ राजनीतिक चर्चाएं भी जुड़ती जा रही हैं। शहर में तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। कुछ लोग इसे जनहित से जुड़ा आंदोलन बता रहे हैं तो कुछ लोग इसके राजनीतिक पहलुओं पर भी चर्चा कर रहे हैं। सोशल और राजनीतिक चर्चाओं में एक सवाल खास तौर पर सामने आ रहा है– 'जब कांग्रेस खत्म हो चुकी है, जैसा विधायक ने कहा था, तो फिर अस्पताल के मुद्दे पर विरोध कौन कर रहा है? क्या यह विरोध बीजेपी के भीतर से ही उठ रहा है? ' हालांकि यह स्थानीय लोगों के बीच चल रही चर्चा और सवाल हैं। किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक दावा सामने नहीं आया है।

**बाजार में अलग-अलग राय, आंदोलन के अगले कदम पर नजर**

मंगलवार को बंद के दौरान शहर में अलग-अलग तस्वीर देखने को मिली। कुछ दुकानदारों ने अस्पताल के मुद्दे को समर्थन देते हुए प्रतिष्ठान बंद रखे, जबकि कई व्यापारियों ने दुकानें खोलकर सामान्य कारोबार किया। मुस्लिम समाज से जुड़े कई व्यापारियों के प्रतिष्ठान भी खुले रहे। ऐसे में जहाजपुर बंद पूरी तरह सफल नहीं रहा और इसका असर मिला-जुला रहा। अब ज्ञापन सौंपे जाने के बाद अस्पताल संघर्ष समिति और वरिष्ठ नागरिक मंच की ओर से आगे क्या रणनीति अपनाई जाती है, इस पर शहरवासियों की नजर बनी हुई है। फिलहाल उप जिला अस्पताल के निर्माण स्थल को लेकर चल रहा विवाद जहाजपुर में चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है। आने वाले दिनों में प्रशासन और सरकार की ओर से इस मुद्दे पर क्या निर्णय लिया जाता है, यह देखने वाली बात होगी।

# होटल-ढाबों पर खाद्य विभाग का छापा, पनीर मिर्च पाउडर और ग्रेवी के नमूने लिए

### रायला में सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल, एक होटल को सुधारात्मक नोटिस; सभी सैंपल जांच के लिए अजमेर भेजे

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा( महेन्द्र नागौरी)** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने रायला क्षेत्र के होटल-ढाबों पर कार्रवाई करते हुए पनीर, मिर्च पाउडर और ग्रेवी के नमूने लिए। अचानक हुई जांच से खाद्य प्रतिष्ठानों में हलचल मच गई। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। हैप्पी लाइफ होटल से पनीर और मिर्च पाउडर, जबकि होटल तैराना, रायला से ग्रेवी का नमूना लिया गया। निरीक्षण के दौरान होटल तैराना में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिलने पर संचालक को सुधारात्मक नोटिस जारी किया गया। प्रतिष्ठान को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के निर्धारित मानकों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में चौपाल ढाबा, रायला से पनीर का नमूना लिया गया। सभी नमूनों को गुणवत्ता एवं मानकों की जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव ने होटल-ढाबा संचालकों को खाद्य सामग्री की गुणवत्ता के साथ स्वच्छता मानकों की कड़ाई से पालना करने की हिदायत दी।

# बागोर थाना पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

### भीलवाड़ा ज़िले के बागोर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्या के मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी रोशन गुर्जर को गिरफ्तार किया है

स्मार्ट हलचल

26 जुलाई 2026 को ग्राम मदनपुरा सरहद में मोहन लाल जाट के खेत पर बने कुएं में 78 वर्षीय शोभालाल जैन की लाश मिली थी। मृतक के हाथ-पैर लोहे के तारों से बंधे थे और मुंह पर टेप लगी हुई थी। इस संबंध में मृतक के पुत्र भैरूलाल जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि रोशन गुर्जर, जो मृतक के पास मुनिम का कार्य करता था, बैंक खाते में जमा




70 लाख रुपये निकालने की योजना बना रहा था। उसने नारायण सरगरा को साथ मिलाकर हत्या की साजिश रची। 19 जुलाई को दोनों ने शोभालाल जैन को अल्टो कार में मंदिर ले जाते समय सुनसान स्थान पर हत्या कर दी और लाश को कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने पहले नारायण सरगरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बाद में टीम के अथक प्रयास से रोशन गुर्जर को मध्यप्रदेश के सागर ज़िले के चन्द्रपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री सागर राणा के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा श्री बुद्धराज और पुलिस उपाधीक्षक मांडल श्री राहुल जोशी के सुपरविजन में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की।

# सुभाषनगर थाना पुलिस ने महिलाओं के जेवरात चोरी करने वाले शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** ज़िले के सुभाषनगर थाना पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड पर महिलाओं को निशाना बनाकर जेवरात चोरी करने वाले शातिर अपराधी शंभू कीर उर्फ अजय को गिरफ्तार कर लिया है। 09 अगस्त 2026 को श्रीमती मंजू कंडारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बस स्टैंड पर एक अनजान व्यक्ति ने बातों में उलझाकर उनके गले का मांदलिया, कान की टोंटी, मोबाइल फोन और नकद 1000 रुपये बैग में




रखवाकर बैग चोरी कर लिया। इस मामले में थाना सुभाषनगर पर प्रकरण संख्या 260/2026 धारा 303(2) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और मुखबिरों की मदद से आरोपी की पहचान की। आरोपी शंभू कीर उर्फ अजय (28), निवासी नैनपुरीया थाना नाथद्वारा, राजसमंद को गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिलाओं को भ्रमित कर उनके जेवरात उतरवाने और लेकर फरार होने का आदी है। उसके खिलाफ पूर्व में भी कई मामलों में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक श्री सागर राणा के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री राजेश आर्य और पुलिस उपाधीक्षक सदर श्री नेमीचंद चौधरी के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई।

# अब मशीनों की कसौटी पर वाहनों की फिटनेस, एटीएस से ही जारी होंगे प्रमाण पत्र...

## 29 बिंदुओं पर होगी जांच, एक भी टेस्ट फेल तो दोबारा देना होगा निरीक्षण शुल्क; भीलवाड़ा में पुर रोड का बालाजी फिटनेस एटीएस सक्रिय...

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** वाहनों की फिटनेस जांच में पारदर्शिता और एकरूपता लाने के लिए अब ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) के जरिए फिटनेस परीक्षण एवं प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत देशभर में यह व्यवस्था लागू की जा रही है। राजस्थान में 43 एटीएस संचालित हैं, जबकि भीलवाड़ा में पुर रोड स्थित बालाजी फिटनेस एटीएस भी सक्रिय हो चुका है। जिला परिवहन अधिकारी आर.के. चौधरी ने बताया कि एटीएस में वाहनों का 29 बिंदुओं पर विजुअल इंस्पेक्शन के साथ आधुनिक मशीनों से यांत्रिक परीक्षण किया जाएगा। इमीशन, ब्रेक, स्पीड, हेडलाइट, सस्पेंशन, स्टियरिंग एवं ज्वाइंट प्ले सहित विभिन्न जांचों में वाहन का पास होना अनिवार्य रहेगा। जांच के परिणाम केंद्रीय परिवहन मंत्रालय के सिस्टम में दर्ज होंगे और



उसी आधार पर फिटनेस प्रमाण पत्र जारी होगा।

**एक भी टेस्ट फेल तो दोबारा जांच**

अधिकारी ने वाहन मालिकों को फिटनेस जांच से पहले इंडिकेटर, हेडलाइट, ब्रेकिंग सिस्टम, टायर, पीयूसी, एचएसआरपी नंबर प्लेट सहित जरूरी मानकों की जांच कराने की सलाह दी है। वाहन अनफिट मिलने पर दोबारा परीक्षण कराना होगा। इसके लिए 3-व्हीलर व एलएमवी के लिए 708 रुपए तथा एमएमवी व एचएमवी के लिए 1,180 रुपए पुनः निरीक्षण शुल्क निर्धारित है। यात्री एवं स्कूल बसों में फर्स्ट एड बॉक्स, शिकायत पुस्तिका, आपातकालीन द्वार, अग्निशमन यंत्र, आवश्यक सीसीटीवी, मालिक का नाम-मोबाइल नंबर सहित सुरक्षा इंतजाम पूरे होने भी जरूरी होंगे। अधिकारियों ने वाहन स्वामियों से निर्धारित सुरक्षा मानकों को पूरा करने के बाद ही एटीएस पर वाहन प्रस्तुत करने की अपील की है।

# गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने कांग्रेस का कलेक्ट्रेट पर हल्लाबोल

## पैदल मार्च के बाद पूजा-अर्चना व सद्बुद्धि यज्ञ, राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / मेवाड़ के नेता धीरज गुर्जर के जन्मदिन पर आयोजित संकल्प सप्ताह के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम जी. खटीक के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने के साथ गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई। कांग्रेसजनों ने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति और जनभावनाओं में विशेष स्थान रखती हैं, ऐसे में उनके संरक्षण को लेकर सरकार को ठोस नीति और प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। कलेक्ट्रेट के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोमाता की पूजा-अर्चना कर सद्बुद्धि यज्ञ किया। यज्ञ में आहुतियां देकर सरकार को गोमाता के सम्मान और संरक्षण की दिशा में निर्णायक कदम उठाने की सद्बुद्धि देने की कामना की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम खटीक ने कहा कि गोवंश संरक्षण केवल



धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। कांग्रेस जनभावनाओं से जुड़े इस मुद्दे को आगे भी मजबूती से उठाती रहेगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, ब्लॉक व मंडल अध्यक्ष, पार्षद, वार्ड पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तिरंगे की शान में निकली रैली, देशभक्ति के नारों से गूंजा फुलियाकलां



स्मार्ट हलचल

**फुलियाकलां। मूलचन्द पेसवानी** श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाथों में तिरंगा थामे विद्यार्थी देशभक्ति के नारों के साथ शहर के मुख्य मार्गों से गुजरे तो पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। रैली का नेतृत्व प्रधानाचार्य हरक चंद रेगर, उपप्रधानाचार्य अजय कुमार चौबे, व्याख्याता नीरज राजवानी, वरिष्ठ अध्यापक महेश पाराशर, विकास कुमावत, अभय कुमार चौबे एवं गणेश नारायण मीणा ने किया। रैली में विद्यार्थियों ने भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। तिरंगे के साथ अनुशासित ढंग से निकली रैली को देखकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह नजर आया। लोगों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रैली के दौरान विद्यार्थियों में खासा जोश और उत्साह देखने को मिला।

# महाराणा प्रताप के आदर्शों से सर्वसमाज को जोड़ने की पहल, एकीकृत संघ की स्थापना

## बोरखेड़ा में सर्वसमाज के लिए नया मंच, महाराणा प्रताप एकीकृत संघ की स्थापना

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** बोरखेड़ा क्षेत्र में आयोजित एक बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में महाराणा प्रताप एकीकृत संघ की स्थापना की गई। संघ का उद्देश्य महाराणा प्रताप के जीवन मूल्यों और आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए 'नर सेवा ही नारायण सेवा' की भावना के साथ सर्वसमाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास के लिए कार्य करना है। बैठक में सर्वसम्मति से संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ के संरक्षक समाजसेवी महावीर प्रसाद नायक 'बिल्लू', अध्यक्ष शंभू सिंह कानावत तथा महामंत्री देवेंद्र राठौर को नियुक्त किया गया। संरक्षक महावीर प्रसाद




नायक ने कहा कि आधुनिक समय की आवश्यकताओं को देखते हुए सर्वसमाज को एकजुट करने वाले ऐसे मंच की आवश्यकता है। संघ भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों और सामाजिक समरसता को केंद्र में रखकर कार्य करेगा। अध्यक्ष शंभू सिंह कानावत ने कहा कि संगठन की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य सामाजिक सेवा के साथ लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनना तथा क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। बैठक में मुख्य सलाहकार मनोज गोस्वामी, महावीर सिंह शेखावत व राजेश शर्मा, कोषाध्यक्ष महावीर साहू, संगठन मंत्री चंद्र बलि प्रसाद, सह-संगठन मंत्री अमित सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप कुशवाहा, त्रिलोक सोनी व महेंद्र राजावत, मंत्री दीपक गौतम, नरेश मेघवाल, चेतन दुबे, महेंद्र शर्मा व राधेश्याम कुशवाहा, सह सचिव कृष्ण स्वरूप वर्मा, प्रवक्ता महेश रानीवाल व हनुमान सिंह हाड़ा, कार्यालय मंत्री महेंद्र मालव व रवि सोनी, मीडिया प्रभारी शिवेश खंडेलवाल व संतोष गहलोत को दायित्व सौंपे गए। इसके अलावा उपाध्यक्ष के रूप में राम अवतार मालव, यशवंत सिरोहिया, हीरालाल टाटा, सुरेंद्र गौड़, राकेश गहलोत, रोहित सिंह राजावत और मनजीत सिंह को जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ओमप्रकाश प्रजापति, अवधेश साहू, अजय सिंह, दीपक कुमावत, खेमराज कुमावत, चंद्र प्रकाश मीणा, चंद्रशेखर गोस्वामी, अरुण सिंह, सुनील वंश प्रॉपर्टी, दीपक राठौर, कैलाश गुप्ता और चंद्रप्रकाश सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया।

# गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग, युवाओं ने निकाला पैदल मार्च

### युवाओं ने राष्ट्रपति के नाम काछोला तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**काछोला** -गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर काछोला तहसील क्षेत्र की आठ ग्राम पंचायतों के युवाओं ने पैदल मार्च निकाला। इस दौरान गौमाता की पूजा-अर्चना कर यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के माध्यम से सरकार को सद्बुद्धि देने तथा गौमाता के सम्मान, संरक्षण एवं



संवर्धन की दिशा में ठोस निर्णय लेने की कामना की गई। कार्यक्रम के बाद युवाओं ने राष्ट्रपति के नाम काछोला तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। युवाओं ने 'गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिले', 'गाय, गंगा और गीता का सम्मान हो' सहित विभिन्न नारे लगाए। कार्यक्रम में शंकर गुर्जर संग्रामपुरा, राधेश्याम कंजर जीएसएस अध्यक्ष सरथला, सीताराम गुर्जर धोरेला, नवल टेलर, धर्मराज गुर्जर, कुंवरलाल गुर्जर, राहुल पांचाल, भेरूलाल गुर्जर, संपत गुर्जर सहित बड़ी संख्या में युवा एवं गौभक्त मौजूद रहे।

### निवेश प्रस्तावों पर कलेक्टर की मुहर, 3 उद्यमियों को RIPS का लाभ

## 5 प्रकरणों पर हुई मंथन के बाद 3 को मिली मंजूरी, बिजली शुल्क, निवेश व ब्याज अनुदान समेत कई रियायतों का रास्ता साफ



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / जिले में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को गति देने की दिशा में जिला स्तरीय स्वीकृति समिति ने बड़ा फैसला लिया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई बैठक में RIPS के तहत 5 निवेश प्रकरणों की समीक्षा की गई, जिनमें से 3 को तत्काल मंजूरी दे दी गई। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में आयोजित बैठक में RIPS-2019, RIPS-2022 एवं RIPS-2024 के तहत आए प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण किया गया। स्वीकृत प्रकरणों में पात्रतानुसार विद्युत शुल्क अनुदान, निवेश एवं ब्याज अनुदान, मार्केट/मंडी फीस पुनर्भरण तथा पूंजीगत निवेश अनुदान जैसे लाभ दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। कलेक्टर के निर्देश पर बैठक खत्म होते ही मिनिट्स जारी कर एंटाइटलमेंट सर्टिफिकेट भी तत्काल जारी कर दिए गए, जिससे पात्र उद्यमियों को बिना अनावश्यक देरी के योजना का लाभ मिल सके। शेष दो प्रकरणों पर आगामी बैठक में पुनः विचार किया जाएगा। बैठक में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक राहुल देव सिंह, जीएसटी से नीरज शर्मा, रीको के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एस.के. नेनावटी, अजमेर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता ओ.पी. खटोड़, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कन्हैया कुमावत सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे। प्रशासन का फोकस साफ है–पात्र निवेशकों को योजनाओं का लाभ जल्द मिले और जिले में निवेश व रोजगार के नए अवसरों को गति मिले।

## वाल्मीकि समाज की मांगों पर कांग्रेस ब्रिगेड का सरकार को अल्टीमेटम



### भर्ती नियम बदलने समेत पांच मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मांगें नहीं मानी तो आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / वाल्मीकि समाज की भर्ती संबंधी मांगों को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड ने मोर्चा खोल दिया। नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र (कुणाल) गोरण के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समाज के हित में तत्काल निर्णय लेने की मांग की। ज्ञापन में सफाई भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता, संविदा भर्ती बंद कर स्थायी सीधी भर्ती, अनुभव प्रमाण-पत्र की बाध्यता खत्म करने, लॉटरी की जगह साक्षात्कार प्रणाली लागू करने तथा सम्मानजनक वेतन बढ़ाने की मांग की गई। गोरण ने कहा कि वाल्मीकि समाज के अधिकारों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी। सरकार ने जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस ब्रिगेड समाज के हक में उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश देसाई, लक्ष्मण लोट, बबलू गोरण, रामलाल गोयर सहित संगठन के पदाधिकारी और समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### खेत में दिखा 13 फीट लंबा अजगर

## वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर बस्सी अभयारण्य में छोड़ा

स्मार्ट हलचल

**महेन्द्र धाकड़ बेगूं।** ग्राम पंचायत माधोपुर के एक खेत में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे 13 फीट लंबा विशालकाय अजगर मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार माधोपुर निवासी किसान नटवर धाकड़ पुत्र प्यार चंद मंगलवार सुबह अपने मवेशियों के लिए घास काटने खेत पर गए थे। इसी दौरान खेत में अचानक करीब 13 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। अजगर को



देखते ही किसान के होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीण सहायक सचिव प्रकाश चंद धाकड़ ने तत्काल वन विभाग चौकी अमलदा को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय वन अधिकारी वन्य जीव बस्सी भगवती लाल त्रिपाठी के निर्देशन में नाका आमल्दा से वनपाल विनोद कुमार खटीक और सहायक वनपाल कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद अजगर पर काबू पाया और उसका रेस्क्यू किया। इसके बाद वन विभाग की टीम अजगर को बस्सी अभयारण्य ले गई। जहां उसे उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

## हर घर तिरंगा अभियान: आयुष्मान आरोग्य मंदिर ब्यावर में निकली भव्य तिरंगा रैली, राष्ट्र रक्षा का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत ग्राम ब्यावर खास स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में देशभक्ति के माहौल के बीच एक तिरंगा रैली का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सा कर्मियों और स्थानीय ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेते हुए पूरे क्षेत्र को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा शर्मा ने हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सभी उपस्थित नागरिकों को देश की एकता, अखंडता और गौरव की रक्षा करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। इसके अलावा, डॉ. शर्मा ने स्वस्थ और स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए ग्रामीणों को अपने परिवार व गांव को स्वच्छ, सुंदर तथा रोगमुक्त रखने के प्रति जागरूक भी किया। इस तिरंगा यात्रा में योग प्रशिक्षक पीपा चौधरी, एएनएम ममता शर्मा, आयुषी पुष्पा वैष्णव, अनिता, आशा, इंद्रा, प्रेमलता, विमला सहित कई आशा सहयोगियों ने अग्रिम भूमिका निभाई। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से शिवानी, प्रियंका, दिशा, रेखा, मंजू और अन्य ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रैली को सफल बनाया।

# आत्मविश्वास सिर्फ शब्दों में नहीं, बॉडी लैंग्वेज में भी दिखना चाहिए

## मुस्कान, नजरों का संपर्क और सही मुद्रा से निखरता है व्यक्तित्व

### बोलने से पहले ही व्यक्तित्व का परिचय दे देती है बॉडी लैंग्वेज, आत्मविश्वास की झलक जरूरी

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** 'व्यक्ति की शारीरिक मुद्रा उसके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास का आईना होती है। सही बॉडी पॉश्चर न केवल व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाता है, बल्कि संवाद को भी अधिक प्रभावी बनाता है।' यह कहना था सॉफ्ट स्किल ट्रेनर एवं कम्युनिकेशन कोच रोहिणी कोहली का। वे रोटरी क्लब पादमिनी की ओर से एमडी मिशन कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए आयोजित सही बॉडी पॉश्चर एवं शा?रारिक भाषा विषयक इंटरैक्टिव सत्र में विद्यार्थियों से संवाद कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बॉडी लैंग्वेज व्यक्ति के बोलने से पहले ही उसके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ बता देती है। खड़े होने, बैठने, चलने, सामने वाले से संवाद करने और आंखों के संपर्क जैसी छोटी-छोटी बातें व्यक्ति के आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करती हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रश्मि दाधीच ने कहा कि बॉडी लैंग्वेज आपके बोलने से पहले ही आपके बारे में बहुत कुछ कह देती है। इसलिए शारीरिक भाषा ऐसी होनी चाहिए, जो सामने वाले के समक्ष व्यक्तित्व की आत्मविश्वासी और सकारात्मक छवि प्रस्तुत करे। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने बॉडी पॉश्चर, आंखों के संपर्क, चेहरे के भाव, बैठने और खड़े होने की सही मुद्रा तथा संवाद के दौरान शारीरिक संकेतों के महत्व को गतिविधियों के माध्यम से समझा। प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. शशि अग्रवाल ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। रोटरी क्लब पादमिनी की अध्यक्ष दीप्ति राजावत एवं सचिव डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और व्यावहारिक कौशल को मजबूत करने के उद्देश्य से इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सोनिया लखोटिया, शिल्पा माहेश्वरी, शुभा गुप्ता, प्रीति आनंद, सुषमा बंसल एवं मोनिका नुवाल सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने सत्र में सक्रिय भागीदारी करते हुए प्रभावी बॉडी पॉश्चर, बॉडी लैंग्वेज और संचार कौशल से जुड़े महत्वपूर्ण गुर सीखे।

## डांगावास हत्याकांड: ब्यावर में एडीएम को सौंपा ज्ञापन, उच्च न्यायालय में अपील और जांच की समीक्षा की मांग

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार ब्यावर।** नागौर जिले के बहुचर्चित डांगावास हत्याकांड में न्यायालय द्वारा सभी 40 आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले के बाद पीड़ित परिवारों और समाज में गहरा असंतोष है। इस मामले में न्याय की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति (एससी) विभाग ब्यावर और पीड़ित परिवार ने राज्यपाल के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) ब्रह्मा लाल जाट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि राज्य सरकार और सीबीआई न्यायालय के इस फैसले का विधिक परीक्षण कराकर अविलंब सक्षम उच्च न्यायालय में प्रभावी अपील दायर करें। कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि जब न्यायिक प्रक्रिया में 5 दलितों सहित 6 लोगों की निर्मम हत्या होना सिद्ध हो चुका है, तो फिर इन निर्दोषों का हत्यारा कौन है?

**प्रमुख मांगें:**

उच्च न्यायालय में अपील: फैसले के खिलाफ तुरंत उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाए।

जांच एवं अभियोजन की समीक्षा: सीबीआई जांच और अभियोजन पक्ष की कमियों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, जिससे आरोपी बरी हुए।

सुरक्षा और मुआवजा: पीड़ित परिवारों को भयमुक्त माहौल देने के लिए सुरक्षा प्रदान की जाए और नियमानुसार त्वरित उचित मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर ब्यावर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच, मनोज चौहान, एससी विभाग जिलाध्यक्ष बिरदी चंद खोरवाल, सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सांखला सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने स्पष्ट किया कि पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने तक यह संघर्ष संवैधानिक तरीके से जारी रहेगा।

### अमृतकौर अस्पताल की बदहाली पर कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन 13 को

# मंत्री-विधायक का पुतला दहन, CMHO PMO कार्यालय का घेराव करेगी कांग्रेस

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं, चिकित्सकों की कमी और मरीजों को हो रही परेशानियों को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से 13 अगस्त को सुबह 11 बजे अस्पताल के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान मंत्री एवं विधायक का पुतला दहन करने के साथ CMHO और PMO का घेराव किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा के नेतृत्व में होने वाले इस प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस ने सरकार और चिकित्सा विभाग पर अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता वृतंजय आर्य ने कहा कि अमृतकौर अस्पताल की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। अस्पताल में चिकित्सकों की कमी सहित विभिन्न समस्याओं के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ब्यावर जिला स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेस वार्ता में सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत और स्थानीय विधायक शंकरसिंह रावत भी अस्पताल के हालात खराब होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। इसके बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होना सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि अस्पताल की समस्याओं को लेकर पार्टी की ओर से पूर्व में 7 मार्च और 12 मई को ज्ञापन भी दिए गए थे। इसके बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि 'ब्यावर की जनता को आश्वासन नहीं, बेहतर चिकित्सा व्यवस्था चाहिए। जब मंत्री और विधायक अस्पताल की बदहाली स्वीकार कर चुके हैं तो अब सुधार की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है।' कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि 13 अगस्त का प्रदर्शन केवल विरोध तक सीमित नहीं रहेगा। अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार होने तक जनता की समस्याओं को लेकर आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी गई है।

# आस्था की राह पर दौड़ी डाक कावड़, दुलापुरा में भोले की भक्ति का दिखा अद्भुत नजारा

## हरिद्वार से प्रथम सुपरफास्ट डाक कावड़ यात्रा पहुंची शिव मंदिर, जयकारों और डीजे की धुन पर झूमे कांवड़िए; हजारों श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी

स्मार्ट हलचल



**नीरज मीणा** महवा। सावन के पावन अवसर पर दुलापुरा गांव में सोमवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। हरिद्वार से रवाना हुई प्रथम सुपरफास्ट डाक कावड़ यात्रा के दुलापुरा स्थित शिव मंदिर पहुंचने पर ग्रामीणों ने कांवड़ियों का जोरदार स्वागत किया। कांवड़ियों के पहुंचते ही पूरा माहौल हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। कांवड़ यात्रा के गांव में प्रवेश करते ही ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। डीजे पर बज रहे भोलेनाथ के भजनों के बीच कांवड़िए नाचते-झूमते और भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए शिव मंदिर पहुंचे। यात्रा को लेकर ग्रामीणों में सुबह से ही उत्साह का माहौल बना हुआ था।

**विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद किया जलाभिषेक**

शिव मंदिर पहुंचने के बाद कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का भव्य जलाभिषेक किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और शिवभक्त मंदिर परिसर में मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी बारिश की कामना की।

**हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद**

धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में दुलापुरा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। ग्रामीणों ने कांवड़ियों एवं आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

**धार्मिक आयोजन से मजबूत होता है भाईचारा**

आयोजन को लेकर कैलाश सैनी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होते, बल्कि इनसे समाज में आपसी एकता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में गांव के लोग एकजुट होकर सहयोग करते हैं, जिससे ग्रामीणों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का आयोजन समस्त ग्रामवासी दुलापुरा की ओर से किया गया। ग्रामीणों ने कांवड़ यात्रा के स्वागत से लेकर जलाभिषेक और भंडारे तक व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### ग्रामीणों की मौजूदगी में हुआ भव्य आयोजन

कार्यक्रम में जगन सैनी, चन्दर सैनी, मूल्या सैनी, सीताराम, ईश्वर लाल, मदन, छाज्याराम, रख्या, लल्लू, हरिओम, बाबू (टेण्या), कमल, भगवानसिंह, जगदीश, उदय सिंह, पवन, प्रहलाद, भगवान सिंह अवस्थी, हरिओम अवस्थी, शिवदयाल अवस्थी, नरेश मीना एवं करण सिंह मीना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों की मौजूदगी में कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का भव्य जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और चारों ओर बम-बम भोले तथा हर-हर महादेव के जयकारे सुनाई देते रहे। पूरे आयोजन के दौरान दुलापुरा गांव शिव भक्ति में सराबोर नजर आया।

## मांडलगढ़ विधायक खंडेलवाल ने किए लाखों रुपए की लागत से निर्मित विकास कार्यों के लोकार्पण

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मंगलवार को नगर में लाखों रुपए की लागत से निर्मित विकास कार्यो के लोकार्पण किए। विधायक खण्डेलवाल ने पीएम श्री राजकीय महाराणा स्कूल एवं मॉडल स्कूल में लाखों रुपए की लागत से नवनिर्मित टीन शेड व अन्य विकास कार्यो के लोकार्पण किए। विधायक खंडेलवाल ने इस मौके पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रदेश के विकास कार्यो के लिए दृढ़ संकल्पित है । विधानसभा क्षेत्र में विद्यालयों में छात्रों के लिए आवश्यक संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए धन की कमी नही आने दी जायेगी। विधायक खंडेलवाल ने 17 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित टिन शेड का लोकार्पण किया वहीं विद्यालय में दस कमरें ओर बनवाने की घोषणा की। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अशोक जीनगर,पूर्व नगर अध्यक्ष अर्जुन ब्रमभट्ट, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य,पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय डांगी,पूर्व पार्षद अनिता सुराणा,पूर्व पार्षद लादूलाल खटीक,सयोंजक अनिल पारीक सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक दिनेश सिंह शक्तावत द्वारा किया गया। इसी प्रकार मॉडल स्कूल में विधायक खंडेलवाल द्वारा डीएमटीफंड से निर्मित टिन शेड का लोकार्पण कर छात्रों को समर्पित किया। संस्था प्रधान राजेन्द्र सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत सत्कार राजस्थानी पगड़ी बंधवाकर किया गया।

## तिरंगे की शान में गूंजा 'वंदे मातरम', गंगापुर-रायपुर में राष्ट्रभक्ति का जोश



### 'हर घर तिरंगा' अभियान में अधिकारियों-कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा थाम लिया राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संकल्प

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मंगलवार को गंगापुर और रायपुर ब्लॉक कार्यालयों में राष्ट्रभक्ति का माहौल देखने को मिला। बैठक के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा थामकर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का गायन किया और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में अधिकारियों-कर्मचारियों ने तिरंगे के प्रति सम्मान और गौरव की भावना व्यक्त करते हुए देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत रखने का संकल्प लिया। सभी ने अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। कार्यक्रम के दौरान तिरंगे के साथ एकजुट खड़े अधिकारियों-कर्मचारियों ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का आह्वान किया।

## संत रविदास जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कलश वंदन अभियान, जहाजपुर में हुआ कलश पूजन



### खाटू श्याम मंदिर में विधायक गोपीचंद मीणा सहित भाजपा पदाधिकारियों ने किया पूजन, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सामाजिक समरसता एवं समानता के प्रतीक संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 'कलश वंदन अभियान' के तहत मंगलवार को जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के जहाजपुर नगर मंडल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान खाटू श्याम मंदिर में कलश का विधिवत पूजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपीचंद मीणा ने संत रविदास के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि संत रविदास का जीवन सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर समरस, समान एवं सशक्त समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में भाईचारे और एकता की भावना को और मजबूत करना सभी का दायित्व है। विधायक ने कहा कि संत रविदास ने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से समाज में समानता, मानवता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, विधानसभा संयोजक भेरूलाल टाक, भाजपा रामप्रसाद चौधरी, पार्षद रामप्रसाद रैगर, सत्यनारायण मीणा, पंकज घारू, अनिल टेपण, प्रवीण खटीक सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शहीदों की याद में भीलवाड़ा में गूंजेगा 'स्वराज', मशाल-तिरंगा यात्रा निकलेगी

### एसपी सागर राणा ने किया पोस्टर विमोचन, 15 अगस्त को रेलवे स्टेशन से सूचना केंद्र तक निकलेगी राष्ट्रभक्ति की यात्रा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा / स्वतंत्रता** दिवस पर शहीदों के सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को समर्पित 'स्वराज–महोत्सव आजादी का' कार्यक्रम आयोजित होगा। दस्तक संस्था की ओर से होने वाले कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत 15 अगस्त को शाम 6.30 बजे रेलवे स्टेशन से होगी। यहां से हाथों में तिरंगा और मशाल लिए शहरवासी, युवा व सामाजिक कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन चौराहे से सूचना केंद्र चौराहे तक भव्य मशाल एवं तिरंगा यात्रा निकालेंगे। देशभक्ति के नारों के बीच यात्रा शहीदों के बलिदान को नमन करेगी। यात्रा के बाद सूचना केंद्र पर देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस को महज उत्सव तक सीमित न रखते हुए शहीदों के त्याग, राष्ट्रप्रेम, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। एसपी सागर राणा ने आयोजन के लिए संस्था को शुभकामनाएं देते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। संस्था ने शहरवासियों से अधिकाधिक संख्या में तिरंगा व मशाल यात्रा में शामिल होने की अपील की है।



### राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच ने देशभर में मनाया विश्व आदिवासी दिवस

# नॉर्थ ईस्ट से साउथ तक गूंजी आदिवासी एकता की आवाज; महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, झारखंड, ओडिशा समेत देशभर में आयोजन

स्मार्ट हलचल




**जयपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के तत्वावधान में देशभर में आदिवासी समाज की एकजुटता का विराट स्वरूप देखने को मिला। नॉर्थ ईस्ट से लेकर साउथ और उत्तर भारत से लेकर पश्चिम भारत तक आदिवासी समाज ने अपनी संस्कृति, परंपरा, पहचान और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विभिन्न राज्यों में रैलियां, सामाजिक सम्मेलन, विचार गोष्ठियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पौधारोपण, प्रतिभा सम्मान और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने देश के विभिन्न राज्यों में विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर आयोजित किया। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, असम, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में समाजबंधुओं ने कार्यक्रमों में भाग लिया।

**नॉर्थ ईस्ट से साउथ तक आदिवासी संस्कृति की झलक**

विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रमों में आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देखने को मिली। पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे समाजबंधुओं ने लोकगीत और लोकनृत्य प्रस्तुत किए। कई स्थानों पर युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। आयोजनों में आदिवासी इतिहास, संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और असम में आदिवासी समाज की पारंपरिक संस्कृति और सामाजिक एकता से जुड़े कार्यक्रम हुए। वहीं झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में भी बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने कार्यक्रम आयोजित कर आदिवासी एकता का संदेश दिया। दक्षिण भारत में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक में भी विभिन्न आयोजनों के माध्यम से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इन कार्यक्रमों में आदिवासी समाज के अधिकारों के साथ शिक्षा और रोजगार को लेकर जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया गया।

**अरुणाचल के गृहमंत्री मामा नाटुंग ने दिया एकता का संदेश**

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के गृहमंत्री मामा नाटुंग ने आदिवासी समाज की एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की संस्कृति, पहचान और अधिकारों को लेकर चिंतन करने तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा और कौशल विकास को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उनका कहना था कि आदिवासी समाज की नई पीढ़ी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेगी तो समाज का भविष्य और मजबूत होगा।

**राकेश मीणा बोले–एकता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत**

राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस के आयोजनों में मंच का प्रमुख संदेश सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता रहा। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले आदिवासी समुदायों की भाषा, बोली और संस्कृति अलग हो सकती है, लेकिन समाज के सामने मौजूद अनेक चुनौतियां समान हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सामाजिक हितों के मुद्दों पर एकजुट होना होगा। समाज की युवा पीढ़ी को बेहतर शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। राकेश मीणा ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस को केवल एक दिन का आयोजन बनाकर सीमित नहीं किया जाना चाहिए। इसे समाज के भविष्य की दिशा तय करने वाले अभियान के रूप में आगे बढ़ाना होगा। गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक शिक्षा और रोजगार को प्राथमिकता देकर आदिवासी युवाओं को आगे लाना होगा।

**शिक्षा और रोजगार बने प्रमुख मुद्दे**

देशभर में हुए कार्यक्रमों में शिक्षा और रोजगार को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है। आदिवासी युवाओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी संस्थानों और कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ना जरूरी है। कार्यक्रमों में यह भी कहा गया कि युवाओं को सरकारी नौकरियों के साथ निजी क्षेत्र, स्वरोजगार, उद्यमिता और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में भी अवसर तलाशने चाहिए। महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता को भी सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया गया।

**राजनीतिक मतभेद अलग, सामाजिक हित सर्वोपरि**

राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में यह संदेश भी प्रमुखता से दिया गया कि राजनीतिक विचारधाराएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन सामाजिक हितों के मुद्दे पर समाज को एकजुट रहना चाहिए। आदिवासी अधिकार, शिक्षा, रोजगार, संस्कृति, युवाओं का भविष्य और महिलाओं का सशक्तिकरण ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर सामूहिक प्रयास जरूरी है। वक्ताओं ने कहा कि संगठन और संस्थाएं समाज की ताकत हैं, लेकिन इनका उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, जागरूकता और विकास का संदेश पहुंचाना होना चाहिए।

**संस्कृति संरक्षण के साथ आधुनिक शिक्षा पर जोर**

विश्व आदिवासी दिवस के आयोजनों में एक ओर जहां पारंपरिक लोकगीत और लोकनृत्य के माध्यम से संस्कृति को जीवंत रखा गया, वहीं दूसरी ओर आधुनिक शिक्षा और तकनीक को अपनाने की जरूरत पर भी जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ा रहते हुए आधुनिक दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सकता है।

**देशभर के आयोजनों ने दिया एकता का संदेश**

नॉर्थ ईस्ट के अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और असम से लेकर झारखंड, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक तथा राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से लेकर तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु तक हुए आयोजनों ने आदिवासी समाज की व्यापक एकजुटता का संदेश दिया। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पर देशभर में हुई भागीदारी यह दर्शाती है कि आदिवासी समाज अब अपनी सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के साथ शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता को भी अपने भविष्य का आधार बना रहा है। राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने कहा कि आने वाले समय में राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षा, रोजगार, युवा जागरूकता और सामाजिक एकता से जुड़े अभियानों को और मजबूत करेगा। उन्होंने समाज के युवाओं, बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। नॉर्थ ईस्ट से साउथ तक और उत्तर से पश्चिम तक विश्व आदिवासी दिवस पर एक ही संदेश गूंजा–आदिवासी समाज की संस्कृति और पहचान सुरक्षित रहे, युवा शिक्षित हों, रोजगार के अवसर बढ़ें और सामाजिक एकता और मजबूत हो।


# गो माता राष्ट्र माता के संकल्प को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**राजेन्द्र बबलू पोखरना कोटड़ी** गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने गो संरक्षण एवं गोवंश के हित में ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। इस दौरान कोटड़ी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महावीर सुवालका, कोटड़ी कांग्रेस नगर अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य तथा कोटड़ी जीएसएस अध्यक्ष नरपत सिंह शक्तावत के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए अपना संकल्प दोहराया और उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष धार्मिक एवं सामाजिक महत्व है। गोवंश के संरक्षण के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गो माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने की दिशा में सरकार आवश्यक कदम उठाए। इस अवसर पर शंकर गुर्जर, भगवती लाल गुर्जर, दीपक टेलर, ओम सोनी, दिलीप सिंह, तेजमल माली, महेंद्र टेलर, बलवंत कुमार भट्ट, संपत सुथार, रामलाल गुर्जर, नारायण सिंह, रामेश्वर पटेल, अनवर मेवाती, पंडित मोहित, लखन तेली, मोहम्मद उस्ता, मुल चन्द माली, निलेश आचार्य, जवान सिंह, राधेश्याम, भंवर सिंह, समुद्र गुर्जर, जगदीश, देव, जयपाल, पुखराज आचार्य, मुकेश आचार्य, दुर्गालाल आचार्य, शंभू तेली, राजेंद्र, राधेश्याम गुर्जर एवं एडवोकेट शिव प्रकाश भट्ट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि 'गो माता राष्ट्र माता' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# इस बारिश में पहली बार बारां झालावाड़ मार्ग बंद



## बड़ी पुलिया पर दो तीन फीट आया

स्मार्ट हलचल

**बी एम राठौर सांगोद** 11 अगस्त को सांगोद के बपावर में परवन नदी में छापी बांध से पानी की निकासी होने पर परवन नदी उफान पर, पुलिया पर पानी आने आने से देर रात से बारां-झालावाड़ मार्ग बंद, पुलिया पर करीब दो फीट पानी का बहाव, सुरक्षा के मध्यनजर बपावर पुलिस मौके पर मौजूद, दूसरे छोर पर सदर थाना पुलिस भी मुस्तेद, इस सीजन में पहली बार आई है परवन नदी उफान पर।

### पूर्व मंत्री आंजना की अनुशंसा पर निम्बाहेड़ा नगर कांग्रेस सेवादल की 44 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित

# दिनेश कुमार गुप्ता ने जारी की कार्यकारणी, वरिष्ठ पदों पर अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी

*कांग्रेस की विचारधारा एवं रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को मजबूत करने का संकल्प*

स्मार्ट हलचल



**निंबाहेड़ा** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा तथा कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी., प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेवावत एवं चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष गौतम विजयवर्गीय की सहमति से आज नगर सेवा दल के मुख्य संगठन दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा निम्बाहेड़ा नगर कांग्रेस सेवादल की 44 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से नियुक्ति प्रदान की गई है। दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि हिम्मतसिंह कुमावत, उदयराम पहाड़िया, रामचंद्र बामनिया, भगवतसिंह हाड़ा, भोलाराम भांभी, सोहन भांभी, चांदमल डांगी को वरिष्ठ संरक्षक बनाया गया है एवं जयसिंह मीणा, अब्दुल वाहिद अंसारी, राशिद भाई, लक्ष्मीलाल मोरवार भगवतीलाल प्रजापत को वरिष्ठ संगठक का दायित्व सौंपा गया हैं। उपाध्यक्ष पद पर आठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी नगर कांग्रेस सेवादल की नवगठित कार्यकारिणी में भरत पुनसा, रोशनलाल तम्बोली, हंसराज शर्मा, किशोर पंचोली, राजेश दानी, गणेशलाल सोनी, रमेश नेगी एवं धर्मेंद्र राव को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**महासचिव एवं सचिव पदों पर भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां**

शंकरलाल गंगवाल, महावीर पालेचा, मुजम्मिल खान, फिरोज खान, जलील अहमद, राधेश्याम राव एवं आशिक खान को महासचिव बनाया गया है। वहीं अरविंद राठौड़, भैरूलाल पहाड़िया, मोहम्मद हुसैन, रतनलाल नायक, भैरूलाल मेघवाल, मोहम्मद हनीफ खान एवं मोहसिन शेख को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा वकार अहमद एवं भोमाराम भांभी को प्रवक्ता, अब्दुल गफ्फार मंसूरी को सेवादल का विधि सलाहकार तथा विनय वर्मा एवं इशाक खान को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। मुकेश बारूपाल, राजेश चौधरी, प्रहलाद मीणा, रमेश वाल्मीकि एवं छोगालाल तेली को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। नवगठित कार्यकारिणी को कांग्रेसजनों शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त की है कि आप सभी के सामूहिक सहयोग से क्षेत्र में सेवादल कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने में अपना योगदान देंगे, साथ ही विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाजसेवा में अहम भूमिका निभाएंगे।

# रमेश घीया की हैट्रिक, तीसरी बार खण्डेलवाल वैश्य सेवा संस्थान के अध्यक्ष

### 113 मतों से दर्ज की शानदार जीत, ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा से समाजजनों ने किया भव्य स्वागत

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** खण्डेलवाल वैश्य सेवा संस्थान के द्विवार्षिक चुनाव में रमेश कुमार घीया ने लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज कर हैट्रिक बनाई। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 113 मतों के अंतर से पराजित किया। रविवार को हुए मतदान में भीलवाड़ा के साथ शाहपुरा, जहाजपुर, बीगोद, गुलाबपुरा और टीटोड़ी से समाजजनों ने उत्साह के साथ मतदान किया। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक मतदान के बाद 4.30 बजे मतगणना शुरू हुई। चुनाव समिति के पुरुषोत्तम ताम्बी ने समाज भवन में परिणाम घोषित करते हुए रमेश घीया को विजयी घोषित किया। जीत की घोषणा होते ही परिसर ढोल-नगाड़ों और जयकारों से गूंज उठा। समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और महिला सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माल्यार्पण एवं पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। समाजजनों ने शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने पर चुनाव पर्यवेक्षक महेश खूंटेटा, पुरुषोत्तम ताम्बी, मनीष गुप्ता एवं नीरज शाह का आभार जताया।

# रामपाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने किया नमन



### गांधी भवन में पुष्पांजलि कार्यक्रम, जिलाध्यक्ष शिवराम खटीक के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने याद किए जनसेवा के योगदान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / स्वर्गीय रामपाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी, भीलवाड़ा शहर की ओर से गांधी भवन स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष शिवराम जी.पी. खटीक के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व, विचारों और जनसेवा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा हैं। एडवोकेट कुणाल ओझा ने कहा कि रामपाल उपाध्याय का जनसेवा के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। जिलाध्यक्ष शिवराम खटीक ने कहा कि उनके बताए सिद्धांतों और सेवा भावना को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में मनोज पालीवाल, मंजू पोखरणा, राजेश चौधरी, धर्मेंद्र पारीक, संजय पेड़ीवाल, अनिल राठी, किशन चौधरी, योगेश सोनी, रफीक बिसायती, निसार सिलावट, डॉ. फरियाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संत रविदास ने समानता का संदेश देकर समाज को एक सूत्र में पिरोया : विधायक गोपीचंद मीणा

स्मार्ट हलचल



**राजेन्द्र बबलू पोखरना कोटड़ी** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में उनकी जन्मस्थली से लाई गई पावन रज कलश युक्त रथयात्रा के कोटड़ी पहुंचने पर भाजपा मंडल एवं कार्यकर्ताओं की ओर से विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, निवर्तमान प्रधान करण सिंह बेलवा एवं पूर्व प्रधान जमना लाल डिडवानिया सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रथयात्रा का स्वागत किया। विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि संत रविदास महाराज ने समाज को समानता, भाईचारे, मानवता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर सभी मनुष्यों को समान दृष्टि से देखने तथा कर्म को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा दी। संत रविदास के विचार आज भी समाज को एकजुट करने और नई पीढ़ी को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की संत परंपरा, महापुरुषों एवं भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने कहा कि संत रविदास महाराज का जीवन सामाजिक एकता और समरसता की प्रेरणा देता है। वहीं निवर्तमान प्रधान करण सिंह बेलवा एवं पूर्व प्रधान जमना लाल डिडवानिया ने भी रथयात्रा का स्वागत करते हुए संत रविदास महाराज के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। रथयात्रा के कोटड़ी पहुंचने पर श्रद्धालुओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा, जयघोष एवं पूजा-अर्चना के साथ स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाजजन मौजूद रहे।

# कुमावत समाज के 'शिल्पकला विशेषांक' का मंत्री जोराराम कुमावत ने किया विमोचन

स्मार्ट हलचल



**जयपुर।** कुमावत समाज की शिल्प, स्थापत्य, कला और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने की दिशा में कुमावत क्षत्रिय पत्र ट्रस्ट की ओर से प्रकाशित 'शिल्पकला विशेषांक' का विमोचन पशुपालन एवं डेयरी, गौपालन एवं देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने किया। विशेषांक में समाज के शिल्पकारों, मूर्तिकारों, वास्तुकारों, इंजीनियरों, संगीतज्ञों सहित विभिन्न तकनीकी एवं रचनात्मक क्षेत्रों में योगदान देने वाली प्रतिभाओं और उनके कार्यों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है। मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि यह विशेषांक महज एक पत्रिका नहीं, बल्कि समाज की कला, कौशल, परिश्रम और गौरवशाली परंपरा का दस्तावेज है। राजस्थान की ऐतिहासिक इमारतों, मंदिरों, हवेलियों और स्थापत्य धरोहरों में कुमावत समाज के शिल्पकारों की प्रतिभा और मेहनत की स्पष्ट छाप मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसी विरासत को संकलित कर सुरक्षित रखना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। विशेषांक में शिल्प एवं स्थापत्य परंपरा से जुड़े व्यक्तित्वों के जीवन-वृत्त, उनके ऐतिहासिक योगदान और उल्लेखनीय कार्यों को शोधपरक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। भवन निर्माण, मूर्तिकला, वास्तुकला, इंजीनियरिंग, संगीत और अन्य क्षेत्रों में समाज की उपलब्धियों को भी इसमें स्थान दिया गया है। ट्रस्ट अध्यक्ष रामपाल कुमावत (जूनवाल) ने बताया कि कुमावत क्षत्रिय पत्रिका पिछले 60 वर्षों से निरंतर प्रकाशित होकर समाज की गतिविधियों, उपलब्धियों और प्रतिभाओं को देशभर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। ट्रस्ट की ओर से अब तक 13 विशेषांक प्रकाशित किए जा चुके हैं। 'शिल्पकला विशेषांक' इसी परंपरा की महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसका उद्देश्य समाज के गौरवशाली अतीत को सहेजते हुए उसकी विरासत को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना है। विमोचन अवसर पर लालचंद राहोरिया, रामधन देवतवाल, रामगोपाल निमीवाल, राकेश सिरोहिया, हरीशचंद्र पारमवाल, जयसिंह गुडीवाल, बृजगोपाल नीमीवाल, आशुतोष कुमावत, अशोक तुनगरिया, लक्ष्मीकांत कुदीवाल, मनोज कुमावत सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

# पंचायत भवन बना कचरा घर!

# कमरे में गंदगी का अंबार, जिम्मेदारों की अनदेखी पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल




**मालपुरा टोंक(नरेश कुरेडा)।** सोड़ा के पंचायत भवन की बदहाल तस्वीर सामने आई है। पंचायत भवन के अंदर एक कमरे में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कमरे में ठंडे की खाली बोतलें, डिस्पोजल गिलास और चाय-नाश्ते की प्लेटें इधर-उधर बिखरी पड़ी मिलीं। पंचायत भवन जैसी सार्वजनिक जगह पर इस तरह की गंदगी ने साफ-सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि पंचायत भवन की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को आखिर यह बदहाली क्यों नजर नहीं आ रही? क्या पंचायत भवन की नियमित सफाई नहीं होती? क्या जिम्मेदारों की नजर इस गंदगी पर नहीं पड़ती? ऐसे कई सवाल अब ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। ग्रामीणों ने पंचायत भवन की तत्काल सफाई करवाने और नियमित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# आंजना-जाट की अनुशंसा पर आदिवासी कांग्रेस का संगठनात्मक विस्तार, डूंगला-बड़ीसादड़ी में ब्लॉक व नगर अध्यक्ष नियुक्त

### प्रदेश नेतृत्व की सहमति से जिला अध्यक्ष मनोहरसिंह मीणा ने तीन पदाधिकारियों को सौंपी संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा,** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना एवं बड़ी सादड़ी से कांग्रेस प्रत्याशी रहे बद्रीलाल जाट की अनुशंसा तथा अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया एवं राजस्थान प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष एवं विधायक गणेश घोघरा की सहमति से चित्तौड़गढ़ जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष मनोहरसिंह मीणा ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए डूंगला एवं बड़ीसादड़ी क्षेत्र में ब्लॉक एवं नगर अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की है।

**तीन पदाधिकारियों को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी**

जिला आदिवासी कांग्रेस की ओर से जारी नियुक्ति सूची के अनुसार किशन मीणा, निवासी डूंगला को डूंगला ब्लॉक आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मुकेश मीणा, निवासी गांव रतिचंद जी का खेड़ा को बड़ीसादड़ी ब्लॉक आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष तथा दीपक रावत, निवासी वार्ड नाहरजी का खेड़ा, बड़ीसादड़ी को बड़ीसादड़ी नगर आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर**

आदिवासी कांग्रेस के इस संगठनात्मक विस्तार का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को ग्राम, वार्ड एवं बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाना है। नवनियुक्त पदाधिकारी आदिवासी समाज के बीच कांग्रेस की विचारधारा, नीतियों एवं कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने के साथ ही समाज से जुड़े जनहित के मुद्दों को संगठन के मंच पर प्रमुखता से उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष मनोहरसिंह मीणा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनियुक्त अध्यक्ष कांग्रेस की रीति-नीति, विचारधारा एवं संगठनात्मक अनुशासन के अनुरूप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने बैठक लेकर की कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की समीक्षा

## अपराध नियंत्रण से लेकर साइबर क्राइम, महिला एवं बाल अपराध, नशे के खिलाफ कार्रवाई और विभागीय मामलों के त्वरित निस्तारण पर दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।पुलिस मुख्यालय में आयोजित इस बैठक से प्रदेश के पुलिस आयुक्त, रेंज महानिरीक्षक पुलिस, पुलिस उपायुक्त एवं जिला पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। बैठक में प्रदेश की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, अनुसंधान, विभागीय कार्यवाहियों तथा विभिन्न विशेष अभियानों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और अधिकारियों को प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



**अपराधों की तुलनात्मक स्थिति और गंभीर प्रकरणों की समीक्षा**

बैठक में वर्ष 2024, 2025 एवं जुलाई 2026 तक अपराधों की तुलनात्मक स्थिति पर चर्चा की गई। संपत्ति संबंधी अपराधों में बरामदगी एवं चालानी प्रतिशत, महिला अत्याचार एवं पॉक्सो प्रकरणों की स्थिति तथा सनसनीखेज प्रकरणों में अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी ली गई। 60 एवं 90 दिवस में प्रकरणों के निस्तारण, ई-साक्ष्य तथा सम्मन की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

**मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर जोर**

डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के लिए प्रभावी एवं निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने नवीन आपराधिक कानूनों के तहत आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी शिकंजा कसते हुए अपराधियों के विरुद्ध त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने ई-जीरो एफआईआर, दर्ज प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण, ई-साक्ष्य आईडी की संख्या बढ़ाने तथा ई-सम्मन की तामील सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। डीजीपी ने इन व्यवस्थाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए पुलिसिंग में तकनीक के अधिकाधिक उपयोग के निर्देश दिए। बैठक में सभी महानिरीक्षक पुलिस/ कमिश्नर द्वारा अपनी-अपनी रेंज की अपराध स्थिति एवं पुलिस कार्रवाई से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतियों में अपराधों की तुलनात्मक स्थिति, पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई तथा विभिन्न अभियानों की प्रगति से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई।

**महिला एवं बाल अपराधों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई**

महिला अत्याचार एवं पॉक्सो प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित अनुसंधान पूरा करने, पीड़ितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा निर्धारित समयावधि में प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**विभागीय जांचों में तेजी और प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश**

बैठक में सतर्कता शाखा से संबंधित विषयों पर भी विशेष चर्चा हुई। विभागीय कार्यवाही के प्रस्ताव एवं विभागीय जांच रिपोर्ट निर्धारित परिपत्र के अनुसार समय पर भेजने तथा लंबित विभागीय जांचों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में परिवीक्षा काल के दौरान 16/17 CCA के स्थान पर 38 (ए) CCA के तहत कार्रवाई करने, न्यायालयों में लंबित मामलों में स्टे वैकेट करवाने तथा अपराध में संलिप्त पुलिस कार्मिकों के विरुद्ध लंबित विभागीय कार्यवाहियों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमों के तहत विभागीय कार्यवाहियों के सक्षम स्तर से प्रभावी पर्यवेक्षण एवं लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए।

**साइबर अपराध पर विशेष फोकस**

साइबर अपराधों के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए जिलों में संचालित साइबर थानों में स्वीकृत पदों के विरुद्ध उपलब्ध स्टाफ की स्थिति की जानकारी ली गई। साइबर अपराधों में दर्ज एफआईआर एवं गिरफ्तारियों की तुलनात्मक स्थिति, म्यूल बैंक खातों एवं साइबर अपराध के हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान तथा साइबर अपराध में प्रयुक्त सिम कार्ड के हॉटस्पॉट क्षेत्रों पर कार्रवाई की प्रगति पर चर्चा हुई। साइबर स्लेवरी से जुड़े मामलों में एजेंटों एवं पीड़ितों के संबंध में की जा रही कार्रवाई को प्रभावी बनाने तथा अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए। OCWC/Tipline पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर भी जोर दिया गया।

**नशे के खिलाफ कार्रवाई और 'लक्ष्मण रेखा' अभियान की समीक्षा**

एटीएस, एजीटीएफ एवं एएनटीएफ से जुड़े विषयों पर चर्चा के दौरान जिलों में नार्को-सेल के गठन, केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय, NCORD पोर्टल पर बैठक संबंधी जानकारी नियमित रूप से अपलोड करने तथा वाणिज्यिक मात्रा वाले मादक पदार्थ मामलों में वित्तीय अनुसंधान को मजबूत करने पर जोर दिया गया। लक्ष्मण रेखा अभियान के तहत जिलों में अधिक से अधिक जनजागरूकता शिविर आयोजित करने तथा मानस पोर्टल पर लंबित परिवादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए गए।

**संगठित अपराध एवं हार्डकोर अपराधियों पर कड़ी निगरानी**

बैठक में जिलों में हार्डकोर अपराधियों से संबंधित सीसीटीएनएस डाटा अपडेट रखने तथा ऑर्गेनाइज्ड क्राईम नेटवर्क डाटा (OCND) पोर्टल पर आवश्यक जानकारी समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। विभिन्न अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियानों की प्रगति पर भी चर्चा हुई और अधिकारियों को अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी एवं निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**परीक्षा संबंधी अपराधों में एसपी करेंगे व्यक्तिगत पर्यवेक्षण**

प्रतियोगी एवं भर्ती परीक्षाओं से जुड़े डमी अभ्यर्थी, पेपर लीक, फर्जी डिग्री/प्रमाण-पत्र एवं नकल जैसे मामलों में पुलिस अधीक्षकों द्वारा व्यक्तिगत रूप से पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए गए। विभिन्न परीक्षाओं के दौरान निर्धारित एसओपी की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

इसके अलावा नेक्सा एवरग्रीन सिटी, आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी एवं आरजीएचएस से संबंधित लंबित अनुसंधानाधीन प्रकरणों की व्यक्तिगत निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

**सरकारी योजनाओं में धोखाधड़ी की निगरानी के लिए विशेष सेल**

सरकारी योजनाओं जैसे सम्मान निधि, जननी सुरक्षा एवं प्रधानमंत्री बीमा योजना आदि में होने वाली धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर विशेष सेल गठित करने के निर्देश दिए गए।

**Ne&t-Gen e-Challan System की तैयारी पर चर्चा**

यातायात शाखा के अंतर्गत Ne&t-Gen e-Challan System लागू करने की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों को नई व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी करने के निर्देश दिए गए।

**पुलिसकर्मियों के कल्याण से जुड़े विषयों पर भी चर्चा**

बैठक में राजस्थान पुलिस पेंशन पोर्टल पर सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दर्ज की जाने वाली शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, राजस्थान पुलिस बेलेनेवेन्ट फंड की छात्रवृत्ति के आवेदन समय पर भिजवाने तथा नवनियुक्त रिक्रूट कांस्टेबलों को पुलिस सैलेरी पैकेज के अंतर्गत मिलने वाले विभिन्न लाभों के संबंध में भी चर्चा की गई। डीजीपी श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, आमजन की सुरक्षा और पुलिसिंग में जवाबदेही राजस्थान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जिलों में अपराध की प्रवृत्तियों का लगातार विश्लेषण कर प्रभावी रणनीति बनाने, लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा पुलिस कार्यप्रणाली में तकनीक और जनसहभागिता का अधिकतम उपयोग करने पर जोर दिया। बैठक में डीजी लॉ एंड ऑर्डर श्री संजय अग्रवाल सहित समस्त एडीजी मौजूद रहे। एडीजी बिपिन कुमार पांडे ने बैठक एजेंडा प्रस्तुत किया।

**मुख्य उपलब्धियां: एक नजर**

अपराध दर में बड़ी गिरावट: वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2026 (जुलाई तक) में कुल अपराधों में 17.25' तथा संपत्ति संबंधी अपराधों में 32.32' की भारी कमी आई है।

गंभीर अपराधों एवं पॉक्सो पर अंकुश: 2025 की तुलना में 2026 में पॉक्सो एक्ट मामलों में 21.56', डकैती में 25.49', लूट में 20.84', बालिग दुष्कर्म में 10.67' और हत्या के प्रयास में 9.81' की कमी दर्ज की गई।

विशेष अभियानों में सफलता: 20 जुलाई से 2 अगस्त 2026 के विशेष अभियान में 1,248 वांछित/संगठित अपराधी गिरफ्तार हुए। इसके अलावा एनडीपीएस के 614, आर्म्स एक्ट के 226, अवैध खनन के 474 प्रकरण दर्ज किए गए और 426 साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए।

यातायात एवं एसएलएल सख्ती: विशेष व स्थानीय कानूनों (SLL) में 5.57' अधिक कार्रवाई हुई। यातायात नियंत्रण के तहत कुल 3,73,104 कार्यवाहियां (1,69,089 एमवी एक्ट, 87,357 बिना हेलमेट, 80,023 ओवर-स्पीडिंग) की गईं। डिजिटल सुरक्षा व राष्ट्रीय रैंकिंग: सोशल मीडिया पर महिला/बाल अपराध की 98.8' और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली 88.8' पोस्ट्स टेक-डाउन कराई गईं। नए आपराधिक कानूनों व ई-गवर्नेंस क्रियान्वयन में राजस्थान बड़े राज्यों में द्वितीय (Overall Rank 8, Score 86.11) स्थान पर रहा, जबकि राज्य की ITSSO अनुपालन दर 91.3' दर्ज हुई।

---

# हुणाखेड़ा में सावर पुलिस और माइनिंग विभाग की बड़ी कार्रवाई, 80 टन अवैध बजरी जब्त

## कार्रवाई का विरोध करने पर 10 से 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, महिलाओं ने जेसीबी के आगे लेटकर रोकने का किया प्रयास

स्मार्ट हलचल

**दिलखुश मीना सावर(अजमेर)@** सावर थाना क्षेत्र की आमली ग्राम पंचायत के हुणाखेड़ा में सोमवार शाम अवैध बजरी के स्टॉक के खिलाफ सावर पुलिस और माइनिंग विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। टीम ने चारागाह एवं सार्वजनिक भूमि पर अलग-अलग स्थानों पर किए गए करीब 80 टन अवैध बजरी के स्टॉक को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान कथित रूप से बजरी माफियाओं की ओर से टीम का विरोध किया गया। वहीं कुछ महिलाओं द्वारा लीजधारक की जेसीबी के आगे लेटकर कार्रवाई रोकने का प्रयास करने की बात भी सामने आई है। जानकारी के अनुसार रॉयल्टी कर्मचारियों को हुणाखेड़ा क्षेत्र में चारागाह एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से बजरी का स्टॉक किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद सावर थाना पुलिस एवं माइनिंग विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। टीम ने विद्यालय के पीछे सहित चारागाह भूमि पर अलग-अलग स्थानों पर किए गए बजरी के स्टॉक की जांच की।1 कार्रवाई के दौरान टीम ने करीब 80 टन अवैध बजरी जब्त की। जब्त बजरी को लीजधारक के देवमड नाके पर भिजवाया गया।



**रॉयल्टी कर्मचारी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज**

सावर थाना अधिकारी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि लीजधारक की सूचना पर हुणाखेड़ा क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं स्टॉक के खिलाफ माइनिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्रवाई की गई। चारागाह एवं सार्वजनिक भूमि पर जगह-जगह बजरी का अवैध स्टॉक कर चोरी-छिपे बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। कार्रवाई के दौरान हुए विरोध को लेकर कंपनी के कर्मचारी एवं रॉयल्टी कर्मचारी श्रवण सिंह ने सावर थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अवैध खनन सहित अन्य धाराओं में 10 से 12 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। साथ ही विरोध में शामिल लोगों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

---

# शहर में हटाये जा रहे अतिक्रमण अभियान में ठेले गुमटियां हटने से शहर की सड़कें दिखने लगी चोडी

स्मार्ट हलचल

**बूंदी-** आज अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत छत्रपुरा रोड पर अतिक्रमण हटायें गऐ। जिसमें मुख्य छत्रपुरा रोड से जिन भूखण्ड स्वामियों ने नालो को कवर कर रेंप बना लिए थे उन्हें हटाया गया ओर चेतावनी दी कि पुनः नालों को कवर कर पानी निकासी अवरूद्ध नहीं करे। शहर से हटाये जा रहे स्थाई अस्थाई अतिक्रमणों, ठेले, गुमटियां हटने से शहर की सडके खुली खुली सी लगने लगी है। गोपाल सिंह प्लाजा एवं बहादुर सर्कल से नैनवां रोड,मीरागेट की तरफ रोड से हटाऐ गये अतिक्रमणों अस्थाई ठेले गुमटियां से पोस्ट आफिस भवन, जलदाय विभाग का भवन,सहकार भवन नजर आने लगे हैं। बस स्टैंड के सामने से हटाए अतिक्रमण से लगभग 30 वर्ष से नगर पालिका बूंदी द्वारा संचालित सुलभ कांप्लेक्स भी दिखाई देने लगा है ओर तो ओर स्टेट टाइम पर लगाया गया जिला मुख्यालय पर स्थित चिकित्सालय का बोर्ड भी नज़र आने लगा है। ओर शहर में लगने लगा कि नगरपरिषद है। साथ ही शहर के मुख्य मार्केट में अस्थाई रूप से लगे ठेले वालो में भी प्रशासन का भय देखने को मिला।एक दूसरा ठेले गुमठियों वाला एक दूसरे से जानकारी लेता नजर आया कि हमारे तरफ भी आयगा क्या अतिक्रमण हटाओ अभियान। कोटा रोड पर करोड़ों,लाखों रुपए खर्च कर दुकानदार दुकान ओर शोरूम खोल कर भी परेशान है ओर एक ठेले वाला पांच हजार का सामान ले के ठेला इस प्रकार दुकान शोरूम के आगे लगाता है जैसे उसने रोड खरीद लिया हो, ओर फिर तिरपाल भी ऐसे लगायगा कि दुकान व शोरुम में जाने का रास्ता भी नहीं रहता। यानि कि लाखों करोड़ों लगाकर शोरूम व दुकान लगाने वाला पीछे ओर पांच हजार रुपए लगाकर ठेला लगाने वाला आगे आ जाता है। ओर ठेले वाला राजनितिक दृष्टि से इतना मजबूत रहता है कि शोरूम व दुकानदार उसे नहीं हटा पाता। ये स्थिति कोटा रोड, सब्जी मंडी रोड पर अधिक देखने को मिलेगी। यह दोनों मार्केट बूंदी शहर के मुख्य मार्केट में गिने जाते हैं। इसलिए इन मार्केट में ठेले वालों की संख्या भी अधिक है, जिनसे अधिकांश दुकानदार परेशान हैं, यदि दुकानदार या शोरूम मालिक ठेले वाले को ठेला हटाने को कहता है तो ठेले वाला लडाई झगडे पर आमादा हो जाता है






---

# जैतारण में गूंजा 'भारत माता की जय', 100 मीटर लंबे विशाल तिरंगे के साथ निकली भव्य रैली



## कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत की अगुवाई में उमड़ा जनसैलाब; मुख्य मार्गों पर हुआ जोरदार स्वागत

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर/जैतारण।हर** घर तिरंगा अभियान' के तहत जैतारण शहर सोमवार को पूरी तरह राष्ट्रभक्ति के रंगों में रंगा नजर आया। कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के नेतृत्व में आयोजित भव्य तिरंगा रैली में हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। देशभक्ति के नारों और गीतों की गूंज के बीच निकली इस रैली में 100 मीटर लंबा विशाल तिरंगा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे देखकर हर शहरवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी इस रैली में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर रैली में शामिल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। रैली को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा, 'तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा अभियान' हमें राष्ट्रीय एकता के सूत्र में पिरोने और देशप्रेम की भावना को प्रगाढ़ करने का अवसर देता है।' उन्होंने सभी नागरिकों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर इस मुहिम को एक जन-आंदोलन बनाने की अपील की। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश देती इस रैली ने जैतारण में राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता की एक मिसाल कायम की।

---

## छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर NSUI ने सौंपा ज्ञापन

# NSUI कार्यकर्ताओं ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन, लोकतांत्रिक अधिकार बहाल करने की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा** महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव पुनः बहाल करवाने की मांग को लेकर NSUI निंबाहेड़ा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सुबह डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निंबाहेड़ा के प्राचार्य के माध्यम से उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव छात्रहितों एवं छात्र राजनीति के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। छात्रसंघ विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करते हुए उनकी समस्याओं को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन तक पहुंचाने का लोकतांत्रिक माध्यम है। छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधि चुनने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिलता है। NSUI कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजस्थान में वर्ष 2022-23 में छात्रसंघ चुनाव आयोजित हुए थे, जबकि वर्ष 2023-24 से छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाए जा रहे हैं। लंबे समय से चुनाव नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधि चुनने तथा अपनी समस्याओं को लोकतांत्रिक रूप से उठाने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कोरोना काल के बाद प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं तथा विभिन्न संस्थाओं के चुनाव भी हो रहे हैं, ऐसे में छात्रसंघ चुनाव को भी नियमानुसार पुनः प्रारंभ किया जाना चाहिए।



NSUI ने मांग की कि समस्त छात्र-छात्राओं की भावनाओं एवं छात्रहित को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव तत्काल प्रभाव से बहाल करवाकर नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाए, ताकि विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधि चुनने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिल सके।

**ज्ञापन सौंपने वालों में ये रहे उपस्थित**

इस दौरान हृस्द्ध विधानसभा अध्यक्ष दीपक धाकड़, ब्लॉक अध्यक्ष भंवर सिंह शक्तावत, जिला सचिव नवरतन प्रजापत, जिला सचिव आदित्य पहाड़िया, संगठन महासचिव सूरज मीणा, ब्लॉक संगठन महासचिव देवेंद्र चारण, विधानसभा उपाध्यक्ष शीशपाल सिंह, विपिन आंजना, विद्यालय प्रमुख हर्षित सेन, नगर उपाध्यक्ष उबेद खान, महासचिव पुष्कर गायरी, निखिल आंजना, तनिश पाटीदार, ब्लॉक महासचिव समीर मीणा, सौरभ, राजू आंजना, विधानसभा सचिव हरिकिशन माली, बृजेश धाकड़, मदन, नीलेश धाकड़, बलराम धाकड़, सुनील रेगर, आयुष मीणा धाकड़, मीडिया संयोजक कमलेश कुमावत, संजय धनगर, विधानसभा प्रवक्ता किशोर गायरी, ब्लॉक सचिव रोहित धाकड़, आयुष मीणा, चिनिशा अहीर, अर्चना वर्मा, आयुष आंजना, सुराज सालवी, जसवंत मीणा, योगेश कुमावत, रोशन कुमावत सहित बड़ी संख्या में हृस्द्ध कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

# ब्यावर के 43 एनसीसी कैडेट्स 10 दिवसीय सीएटीसी कैंप भीलवाड़ा के लिए रवाना, प्रधानाचार्य ने दिखाई हरी झंडी

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर के आर्मी एनसीसी के 43 कैडेट्स का दल सोमवार को 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (CATC Camp) में भाग लेने के लिए भीलवाड़ा रवाना हुआ। कैडेट्स का दल इतिहास व्याख्याता एवं एनसीसी प्रभारी श्री दूदा सिंह के कुशल नेतृत्व में रवाना हुआ है। विद्यालय परिसर में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रोहित जैन ने बस को हरी झंडी दिखाकर दल को प्रस्थान कराया और कैडेट्स को शिविर के सफल समापन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। कैडेट्स को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य रोहित जैन ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। यह कैडेट्स में अनुशासन, एकता, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना को गहराई से समाहित करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस 10 दिवसीय आवासीय शिविर के दौरान कैडेट्स विभिन्न सैन्य प्रशिक्षणों, शारीरिक गतिविधियों और सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर टीम भावना का पाठ सीखेंगे और स्वयं को राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए तैयार करेंगे। इस प्रस्थान के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मनीष, सौरभ धाभाई सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे और उन्होंने भी कैडेट्स को शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

राजस्थान संकल्प पत्र:2023

उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र- 2023 की प्रगति की समीक्षा बैठक

# विभागीय अधिकारियों से लिया योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति का फीडबैक

**घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के दिये निर्देश,**
**लगभग 73 प्रतिशत योजनाएं धरातल पर साकार**



जयपुर(नि.सं.)। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र- 2023 की लंबित घोषणाओं को शीघ्र धरातल पर उतारा जाए। साथ ही प्रगतिरत योजनाओं का भी शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र की घोषणाएं आमजन के कल्याण और प्रदेश के सर्वांगीण विकास को केन्द्र में रखकर की गई हैं। इनके शीघ्र पूरा होने से आमजन को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजनाएं विकसित राजस्थान के संकल्प की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पायदान है। उपमुख्यमंत्री शासन सचिवालय में आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र- 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित मंत्रिमंडलीय समिति की तृतीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने संकल्प पत्र में सम्मिलित विभिन्न घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा- निर्देश प्रदान किये। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति के बारे में फीडबैक लिया तथा आगामी कार्य योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही -गत समीक्षा बैठक में दिये गए निर्देशों की अनुपालना की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी नियमित रूप से पोर्टल पर अद्यतन करें।



उन्होंने संकल्प पत्र की लंबित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों के संबंध में भी अधिकारियों के साथ चर्चा की तथा उनकी शीघ्र क्रियान्विति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। डॉ. बैरवा ने कहा कि संकल्प पत्र में किये गए प्रत्येक वादे को प्राथमिकता से शुरू कर निर्धारित समय सीमा में क्रियान्वित किया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलम्ब नहीं हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लिए भूमि आवंटन के मामलों के निपटारे के लिए संबंधित विभाग साथ मिलकर काम करें, ताकि सभी विकास योजनाएं समय पर शुरू हो सकें और जनता को उनका लाभ जल्द मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को विभाग के स्तर पर योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य सचिव श्री वी श्रीनिवास ने अधिकारियों से कहा कि संकल्प घोषणा पत्र की लगभग 73 प्रतिशत योजनाएं धरातल पर उतर गई हैं। शेष योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी लाई जाए।



पीडब्ल्यूसी बैठक में मिली मंजूरी

# शहर के विकास कार्यों के लिए 575 करोड़ रुपये की मिली स्वीकृति

**सड़क, सीवरेज, खेल सुविधाओं, यातायात एवं हरित विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को पीडब्ल्यूसी बैठक में मिली मंज़ूरी**

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में सोमवार को मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जयपुर शहर एवं जेडीए क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 575 करोड़ रुपये राशि के विभिन्न विकास कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गईं। सांगानेर क्षेत्र में जयपुर–सवाईमाधोपुर रेलवे लाइन पर हल्दीघाटी एवं डिग्गी/मालपुरा रोड के मध्य आरयूबी के निर्माण के लिए 18.89 करोड़ रुपये तथा सांगानेर सर्किल से चोरडिया पेट्रोल पंप होते हुए मालपुरा गेट के समीप तक एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 300 करोड़ रुपये की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। खेल सुविधाओं के विकास की दिशा में मानसरोवर स्थित मॉडर्न स्कूल के समीप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के विकास, संचालन एवं संधारण के लिए 25.59 करोड़ रुपये तथा स्वर्ण विहार जेडीए योजना में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के विकास, संचालन एवं संधारण के लिए 2.58 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। दोनों परियोजनाएं डिजाइन, बिल्ड, ऑपरेट एवं मेंटेन (DBOM) आधार पर विकसित की जाएंगी।

## न्यूज इन बॉक्स




# राजस्थान की गौरांगी करेंगी नासा विजिट:मिटश्योर ओलम्पियाड मास्टर्स में टॉप प्रदर्शन

जयपुर(नि.सं.)। सवाई माधोपुर जिले के खंडार की बेटी गौरांगी शर्मा ने मिटश्योर ओलम्पियाड मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन किया। गौरांगी का चयन प्रतिष्ठित नासा विजिट के लिए हुआ है। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाली राजस्थान की एकमात्र छात्रा हैं। वर्तमान में वह विद्या दायिनी सेकेंडरी स्कूल, सवाई माधोपुर की छात्रा हैं। जयपुर के होटल मैरिएट में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में मिटश्योर ओलम्पियाड मास्टर्स के परिणाम घोषित किए गए। समारोह में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, प्रिंसिपल्स और स्कूल प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

विज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन, कई चरणों की परीक्षा के बाद मिला चयन

गौरांगी ने विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू समेत चयन प्रक्रिया के सभी चरण सफलतापूर्वक पार किए। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद पूरे देश से सिर्फ चार विद्यार्थियों का नासा विजिट के लिए चयन हुआ।



### जोधपुर में बेटी जन्म गौरव सम्मान समारोह

# पचपदरा ग्रीनफील्ड रिफाइनरी राजस्थान के विकास को देगी नई दिशा:पटेल

जयपुर(नि.सं.)। जोधपुर जिले की ग्राम पंचायत चावण्डा (केरू) में बेटी जन्म गौरव सम्मान समारोह और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम सोमवार को ग्राम पंचायत परिसर में संसदीय कार्य,विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पचपदरा में देश के पहले ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया जो देश और प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा यह रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने तथा औद्योगिक विकास को नई दिशा देगी। साथ ही रिफाइनरी से प्रत्यक्ष रूप से रोजगार नए अवसर सृजित होंगे।

**जलापूर्ति के लिए हुए ऐतिहासिक समझौते:** पटेल ने कहा हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में समुचित पेयजल व्यवस्था की दिशा में ऐतिहासिक समझौते हुए हैं।



जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन

# बैंकिंग क्षेत्र में जन विश्वास को बहाल करने के उद्देश्य से कार्य करना होगा : डॉ. समित शर्मा



जयपुर(नि.सं.)। शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में नेहरू सहकार भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के क्रियान्वयन, सहकारिता में सहकार, राज्य सरकार की बजट घोषणाएं, 1949 एक्ट की पालना आदि कार्यों की समीक्षा की गई है। डॉ. शर्मा कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में जन विश्वास को बहाल करने के उद्देश्य से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि योजनाओं का लाभ किसानों, पशुपालकों, महिलाओं, युवाओं तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारी बैंकों को वार्षिक लक्ष्य तय करना चाहिए एवं लक्ष्यों के विरूद्ध प्रतिमाह आकलन किया जाना चाहिए। उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने के भी निर्देश प्रदान किए। साथ ही समस्त बैंकों एवं उनकी शाखाओं के कार्मिकों को एईबीएएस प्रणाली के अंतर्गत पंजीकरण कर नियमित रूप से उपस्थित दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्रीय सहकारी बैंकों के कार्यों के प्रभावी निष्पादन को केपीआई के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। इनका उद्देश्य कार्यालयों, शाखाओं एवं उनके क्षेत्राधीन पैक्स के सुषासन, वित्तीय अनुशासन, निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण, शिकायत निस्तारण, विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करना है। केपीआई (की-परफोरमेंस-इण्डीकेटर्स) के आधार पर सीसीबी बैंक एवं उनकी शाखाओं को रैंकिंग दी गई है। बैंकों की रैंकिंग में कोटा सीसीबी प्रथम स्थान पर, झालावाड सीसीबी द्वितीय स्थान पर एवं भीलवाडा सीसीबी तृतीय स्थान पर रहा।

‘हरियालो राजस्थान’ कार्यक्रम आयोजित

# गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, सेक्टर-04 प्रताप नगर, जयपुर में ‘हरियालो राजस्थान’ कार्यक्रम आयोजित




जयपुर(नि.सं.)। गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र परिसर प्रताप नगर में ‘हरियालो राजस्थान’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महानिदेशक एवं महासमादेष्टा, गृह रक्षा, श्री अनिल पालीवाल ने शिरकत की। इस अवसर पर IG श्री राजेश मीणा, IPS, DCG बदोराव मीणा एवं कमाण्डेन्ट, जयपुर, श्रीमती स्वाति शर्मा सहित गृह रक्षा के अधिकारी, स्थाई स्टाफ एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण कर गृह रक्षा के स्थाई स्टाफ एवं स्वयंसेवकों को अधिकाधिक वृक्षारोपण तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं देखभाल का संदेश दिया गया।

उन्होंने कहा कि पौधों को केवल लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि परिवार के सदस्य की तरह उनका पालन-पोषण एवं संरक्षण करना भी आवश्यक है।




# डंपर में घुसी कार, मां-बेटे और बहू की मौत

**धौलपुर का परिवार महाकाल के दर्शन के लिए जा रहा था, ड्राइवर सहित 2 घायल**

धौलपुर(वि.सं.)। मध्यप्रदेश में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-52) पर अर्टिगा कार सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से घुस गई। इसमें धौलपुर के रहने वाले मां, बेटे और बहू की मौके पर मौत हो गई। ड्राइवर सहित 2 लोग गंभीर घायल हैं। हादसा सारंगपुर थाना इलाके में मऊ के पास मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे हुआ। धौलपुर के पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में रहने वाला यह परिवार उज्जैन महाकाल के दर्शन के लिए जा रहा था। सोमा (65) पत्नी सुनील त्रिवेदी, अंकुर (42) पिता सुनील त्रिवेदी और अर्चना (40) पत्नी अंकुर की मौत हुई है। निहाल (22) पिता जितेंद्र निवासी धौलपुर और कार ड्राइवर अब्दुल हबिद घायल हैं। कार में अंकुर के दो बेटे अंश (14) और तेजस (10) भी थे,जिन्हें कोई चोट नहीं आई।

कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित

# भविष्य के लिए तैयार और नागरिक-केंद्रित प्रशासन की दिशा में अधिकारियों का क्षमता निर्माण, मुख्य सचिव ने दिया भविष्य की शासन व्यवस्था का विजन



जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान के विभिन्न विभागों के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारियों के लिए कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम के तहत एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान के मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम एक व्यापक विजन का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें अधिक जीवंत, सक्रिय और कार्यात्मक संस्थानों के निर्माण के साथ-साथ अगली पीढ़ी की शासन व्यवस्था के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षण एवं तैयार करना शामिल है।



**कर्मयोगी कर्तव्य कार्यशालाएं अधिकारियों को क्षेत्र में गहन सहभागिता के लिए करती हैं प्रेरित**

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने कहा कि उन्होंने देखा है कि कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यशालाएं अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में अधिक गहनता और सक्रियता के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कार्यशाला का संचालन कर रहे अनुभवी अधिकारी प्रतिभागियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेंगे तथा भविष्य की ऐसी शासन व्यवस्था की आधारशिला तैयार करेंगे, जो अधिक प्रभावी और नागरिक-केंद्रित हो।



# जोधपुर में छात्र नेताओं और पुलिस के बीच झड़प

**स्टूडेंट्स को हाथ-पैर पकड़कर सड़क से उठाया, रास्ता जाम करने की कोशिश**

जोधपुर (वि.सं.)। जोधपुर में आज छात्र नेताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव बहाली समेत छात्रहित से जुड़ी अलग-अलग मांगों को लेकर छात्र नेता प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने विश्वविद्यालय का मेन गेट बंद कर दिया। केंद्रीय कार्यालय की ओर जाने वाले छात्रों और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने परिसर में एंट्री नहीं दी और सड़क पर ही रोक दिया। छात्रनेता एम.एल. चौधरी समेत कई छात्र नेता सड़क पर बैठ गए और रास्ता जाम करने की कोशिश की। पुलिस ने हाथ-पैर पकड़कर सड़क से छात्रों को उठाकर हिरासत में लिया। छात्रनेता एम.एल. चौधरी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव विद्यार्थियों का लोकतांत्रिक अधिकार है और इसे तत्काल बहाल किया जाना चाहिए।

खरीफ 2026 से लागू नए दिशा-निर्देश जारी

# फसल बीमा पॉलिसियों का अनुमोदन जांच के बाद ही किया जाएगा




जयपुर(नि.सं.)। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत फसल बीमा पॉलिसियों के अनुमोदन से पहले सत्यापन सुनिश्चित करने हेतु नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश खरीफ 2026 से लागू होंगे। आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल ने बताया कि गैर-ऋणी किसानों की फसल बीमा पॉलिसियों का सत्यापन निर्धारित निर्देशों के अनुसार ही किया जाएगा। इसका पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित अधिसूचित बीमा कंपनी का होगा। उन्होंने बताया कि ऋणी किसानों की पॉलिसी सृजित करते समय किसानों की सहमति नहीं लेने तथा वास्तविक बोई गई फसल का बीमित फसल से मिलान न होने के कारण क्लेम भुगतान के समय विवाद उत्पन्न होते हैं। इसका समाधान पॉलिसी अनुमोदन के समय ही फसल का सत्यापन करके किया जाइना आवश्यक है। परिचालन मार्गदर्शिका 2023 के प्रावधानों के अनुसार इंश्योरेबल इंटरेस्ट का सत्यापन बीमा कंपनी का दायित्व होगा। किसान के आवेदन, बोई गई फसल का मिलान तथा भूमि रिकॉर्ड के सत्यापन के बाद ही पॉलिसी का अनुमोदन किया जाएगा।

टूरिज्म इन ट्राइब्स

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को विस्तार

# मुख्यमंत्री दिला रहे आदिवासी अंचल को नई पहचान

- **ट्राइबल टूरिस्ट और महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट बनेंगे माइलस्टोन्स**
- **वैश्विक पर्यटन के मानचित्र पर नए आयाम बनाएगी जनजातीय संस्कृति**

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान वर्षों से अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विविधताओं के कारण दुनियाभर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इसी विरासत को और विस्तार देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय अंचल को भी वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है। इसके तहत स्थानीय पर्यटन स्थलों के विकास के साथ ही प्राकृतिक संपदा, हस्तशिल्प और लोक परंपराओं का संरक्षण एवं संवर्धन किया जा रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल पर्यटन को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि स्थानीय रोजगार के जरिए जनजातीय समाज की आजीविका को बढ़ाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान करना है। इसी क्रम में ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट और महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित करने के साथ ही जनजातीय क्षेत्रों में 306 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।



**100 करोड़ का ट्राइबल टूरिज्म सर्किट:** ट्राइबल टूरिज्म सर्किट के तहत ‘आदिवासियों का कुंभ’ कहे जाने वाले डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम पर 49 करोड़ 40 लाख रुपये और बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम पर 13 करोड़ 41 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। साथ ही, इसमें चित्तौड़गढ़ के मातृकुंडिया (मेवाड़ का प्रयाग), प्रतापगढ़ के सीतामाता अभयारण्य, गौतमेश्वर महादेव मंदिर, बांसवाड़ा के त्रिपुरा सुंदरी मंदिर और उदयपुर के ऋषभदेव मंदिर को भी शामिल किया गया है।

**महाराणा प्रताप टूरिज्म सर्किट में एकीकृत होगा इतिहास**

ऐतिहासिक विरासत को एकीकृत करने के लिए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के विकास पर 206 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें चावण्ड, हल्दीघाटी, गोगुन्दा, कुम्भलगढ़, दिवेर और उदयपुर को शामिल किया जाएगा।

# यशपाल शर्मा
# वर्ल्ड कप 1983 के नायक, जिन्होंने मुश्किल हालात में टीम इंडिया को संभाला था

**नई दिल्ली ।** वनडे वर्ल्ड कप 1983 की विजेता टीम के अहम सदस्य रहे यशपाल शर्मा ने कठिन परिस्थितियों में देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। वह क्रिकेट प्रेमियों के लिए प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं। 11 अगस्त 1954 को लुधियाना में जन्मे दाएं हाथ के बल्लेबाज यशपाल शर्मा अपने मजबूत डिफेंस से किसी भी अटैक को बेअसर करने में माहिर थे। 1977-78 में दिलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन की तरफ से खेलते हुए उन्होंने साउथ जोन के खिलाफ 173 रन की पारी खेलकर अपनी पहचान बनाई। अगले सीजन में यशपाल ने पाकिस्तान का दौरा किया, लेकिन टेस्ट टीम में जगह नहीं बना सके। हालांकि, कुछ वक्त बाद टीम में आखिरकार मौका मिल ही गया। करीब दो दशक लंबे प्रथम श्रेणी करियर में यशपाल ने 160 मैच खेले, जिसमें 44.88 की औसत के साथ 8,933 रन बनाए। इस दौरान 21 शतक और 46 अर्धशतक शामिल रहे। यशपाल ने फर्स्ट क्लास करियर में 201 रन की नाबाद पारी भी खेली है। साल 1978 से 1985 के बीच यशपाल ने भारत के लिए 37 टेस्ट और 42 वनडे मैच खेलते हुए मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी। इस दौरान उनके बल्ले से टेस्ट फॉर्मेट में 33.45 की औसत के साथ 1,606 रन निकले, जिसमें 2



शतक और 9 अर्धशतक शामिल रहे। वहीं, वनडे फॉर्मेट में इस बल्लेबाज ने 28.48 की औसत के साथ 883 रन बनाए। 1981-82 में यशपाल शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ 140 रन बनाते हुए जीआर विश्वनाथ के साथ 316 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की। यशपाल वनडे वर्ल्ड कप 1983 की विजेता टीम का अहम हिस्सा रहे हैं, जो उस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के मामले में दूसरे पायदान पर रहे, उन्होंने 8 मुकाबलों में 34.29 की औसत के साथ 240 रन बनाए। यशपाल ने ग्रुप स्टेज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 89 रन, जबकि सेमीफाइनल में इंग्लैंड के विरुद्ध 61 रन की पारी खेली थी। रिटायरमेंट के बाद यशपाल कोचिंग, कमेंट्री और क्रिकेट प्रशासन में सक्रिय रहे। उन्होंने दो चरणों (साल 2004-05 और 2008-11) में नेशनल सिलेक्टर के तौर पर काम किया। कई घरेलू मुकाबलों में मैच रेफरी की भूमिका निभा चुके यशपाल शर्मा दिल्ली की क्रिकेट सलाहकार समिति का भी हिस्सा रहे। 13 जुलाई 2021 को दिल का दौरा पड़ने से यशपाल शर्मा का निधन हो गया। इस दिग्गज क्रिकेटर ने अपने करियर में साबित किया है कि बड़े मंच पर दबाव के बावजूद आत्मविश्वास और मेहनत से सफलता हासिल की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 25 हजार+ रन और 577 विकेट

#### ब्रेट ली ने तेंदुलकर नहीं इस दिग्गज को बताया सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** मास्टर ब्लास्ट सचिन तेंदुलकर दुनिया के उन चुनिंदा क्रिकेटरों में से एक हैं, जिन्होंने टेस्ट और वनडे दोनों में 10,000 से ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी जैक्स कैलिस दुनिया के इकलौते ऐसे क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टेस्ट और वनडे में 10,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ-साथ दोनों फॉर्मेट में 250 से ज्यादा विकेट भी लिए हैं। तेंदुलकर टेस्ट और वनडे में क्रमश: 15,921 और 18,426 रन स्कोर के साथ सबसे ज्यादा रन



बनाने वाले खिलाड़ी हैं, वहीं कैलिस को दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने तीनों प्रारूप मिलाकर 25000 से ज्यादा रन बनाए हैं और 277 विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने बताया है कि वे तेंदुलकर को अब तक का सबसे बेहतरीन बल्लेबाज और कैलिस को अब तक का सबसे बेहतरीन क्रिकेटर मानते हैं।

**सबसे बेहतरीन क्रिकेटर जैक कैलिस-** ली ने यूट्यूब पर पॉडकास्ट 'द रणवीर शो' में बात करते हुए कहा, 'मैंने हमेशा कहा है कि मेरे हिसाब से सचिन तेंदुलकर अब तक के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैं, लेकिन मेरी राय में सबसे बेहतरीन क्रिकेटर जैक कैलिस हैं। उनके आंकड़े दुनिया में सबसे अच्छे हैं। अगर आप उनके आंकड़े देखें तो वे कभी झूठ नहीं बोलते। वे सच में कमाल के हैं।'

**कैलिस दबाव में कभी नहीं दिखते थे-** ली ने आईपीएल में कैलिस के साथ बिताए अपने समय के बारे में भी बात की और बताया कि बैटिंग करने जाने से पहले कैलिस दबाव में कभी नहीं दिखते थे।

### KBC में अमिताभ बच्चन ने पूछा सूर्यवंशी से जुड़ा सवाल

#### आमिर खान-सनी देयोल को नहीं पता था जवाब

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति के 18वें सत्र के पहले एपिसोड में दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन ने आमिर खान, प्रीति जिंटा और सनी देओल ने भारतीय के उभरते क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से जुड़ा सवाल पूछा। आमिर खान और सनी देओल को इसकी इसकी जानकारी नहीं थी। पंजाब किंग्स की सह-



मालकिन प्रीति जिंटा ने इसका जवाब दिया, लेकिन वह पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थीं। अमिताभ बच्चन ने 1 लाख रुपये के सवाल में पूछा कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में ऑरेंज कैप कौन जीता? इसके लिए स्क्रीन पर पर्पल कैप के सामने गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की फोटो दिखाई गई और पूछा गया कि ऑरेंज कैप के सामने किस खिलाड़ी को फोटो आएगी। इनमें 4 ऑप्शन केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली और वैभव सूर्यवंशी थे।

**मुझे लगता है वैभव सूर्यवंशी-** आमिर खान ने स्क्रीन की ओर देखते हुए प्रीति जिंटा से कहा, 'यार क्रिकेट का आपको पता होना चाहिए।'

# गॉल में भारत का रिकॉर्ड

### 1982 से 2022 के बीच 46 मैच खेले, भारत को 22 में जीत मिली है



# श्रीलंका से आखिरी बार यहीं टेस्ट गंवाया, केएल राहुल थे हिस्सा




**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में भारत का रिकॉर्ड शानदार है। दोनों देशों के बीच 1982 से 2022 के बीच 46 मैच खेले गए। भारत को 22 में जीत मिली है और 7 में हार का सामना करना पड़ा। 17 मैच ड्रॉ रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में भारतीय टीम 11 साल से अजेय है। 2015 में उसे 63 रन से हार मिली थी। यह मैच गॉल में ही खेला गया था, जहां भारत-श्रीलंका के बीच 15 अगस्त से पहला मैच खेला जाएगा। केएल राहुल उस मैच का हिस्सा थे और उनका बल्ला नहीं चला था। पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 4 रन बनाकर आउट हो गए। शिखर धवन और विराट कोहली ने पहली पारी में शतक जड़े थे।

### 2015 गॉल टेस्ट के बाद भारत का दबदबा

इस मैच के बाद से भारत और श्रीलंका के बीच 10 मैच हुए हैं। भारतीय टीम 8 मैच जीती है और 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। एक मैच गॉल में भी हुआ है, जिसमें भारत ने 2017 में 304 रनों से जीत दर्ज की थी। भारत ने गॉल में 5 मैच खेले हैं। 2 में जीत मिली है और 3 में हार का सामना करना पड़ा है।

#### घुटने की चोट के कारण

# सिनसिनाटी ओपन से हटे यानिक सिनर



**नई दिल्ली ।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिने घुटने की चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से हट गए हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों ने पुष्टि की है कि इटली का यह स्टार टेनिस खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएगा। इस महीने होने वाले यूएस ओपन की तैयारियों को देखते हुए इसे यानिक सिनर के लिए बड़ा झटका मानाा जा रहा है। 24 साल के इस खिलाड़ी ने साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से पहले होने वाले एक और अहम हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट, कैनेडियन ओपन से भी अपना नाम वापस ले लिया था। पिछले महीने विंबलडन में अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद, उन्हें उम्मीद थी कि नॉर्थ अमेरिका का उनका टूर यूएस ओपन में अपने खिताब का बचाव करने से पहले उन्हें मजबूती देगा। सिनर ने एक बयान में कहा, 'अपने डॉक्टरों और अपनी टीम से सलाह लेने के बाद मुझे यह बताना पड़ रहा है कि मुझे सिनसिनाटी में मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट से हटना होगा। मेरे दाहिने घुटने में दिक्कत हो रही है और भले ही मेरी मेडिकल टीम के साथ हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन मुझे यह मानना ??होगा कि मैं अभी खेलने के लिए तैयार नहीं हूं। '

सिनर ने एक और बड़े टूर्नामेंट में हिस्सा न ले पाने पर निराशा जताई, लेकिन साथ ही कहा कि उनका अभी पूरा ध्यान ठीक होने पर है ताकि वे यूएस ओपन के लिए तैयार हो सकें। 'सिनसिनाटी में न खेल पाने से मैं बहुत निराश हूं। मैं अगले साल वापसी करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और अब मेरा ध्यान यूएस ओपन के लिए तैयार होने पर है। '

उनके हटने से सिनसिनाटी में टेनिस टूर्नामेंट की लाइन-अप और कमजोर हो गई है, क्योंकि यूएस ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज पहले ही कलाई की चोट के कारण बाहर हो चुके हैं। सिनर के न खेलने का मतलब है कि दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी को इस महीने के आखिर में होने वाले यूएस ओपन से पहले हार्ड कोर्ट पर मुकाबले की तैयारी के लिए बहुत कम मौके मिलेंगे।इसके अलावा, उनका यह फैसला बताता है कि सीजन के मुश्किल शुरुआती हिस्से के बाद घुटने की समस्या से निपटने के लिए सावधानी बरतना जरूरी है। सिनसिनाटी ओपन का मेन ड्रॉ 13 अगस्त से शुरू होगा, जबकि यूएस ओपन का मेन ड्रॉ 30 अगस्त से शुरू होगा। अब सिनर के पास साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से पहले ठीक होने और पूरी तरह फिट होने के लिए दो हफ्ते से थोड़ा ज्यादा समय होगा।

#### रोहित की छुट्टी

### IPL खेल चुके खिलाड़ी को कमान, वनडे में नेपाल का बदला कप्तान

**नई दिल्ली।** नेपाल ने एशियन क्रिकेट काउंसिल के मेंस प्रीमियर कप से पहले वनडे क्रिकेट में कप्तान बदल दिया है। यह 50 ओवर का टूर्नामेंट 2027 एसीसी मेंस एशिया कप के लिए क्वालिफायर के तौर पर काम करता है। नेपाल ने इस टूर्नामेंट से पहले अनुभवी खिलाड़ी संदीप लामिछाने को रोहित पौडेल की जगह कप्तान बना दिया है।

लामिछाने के पास इंडियन प्रीमियर लीग में भी खेलने का अनुभव है। 2018-2019 में दिल्ली डेयरडेविल्स (दिल्ली कैपिटल्स) का हिस्सा थे और 9 मैच खेले थे। उन्होंने 13 विकेट लिए थे। 26 साल के इस लेग स्पिनर ने वनडे में 77 मैच खेले हैं और 154 विकेट लिए हैं।

**पौडेल की कप्तानी में निखरा नेपाल-** 2022 में पौडेल के कप्तानी संभालने से पहले लामिछाने ने 14 वनडे मैचों में नेपाल की कप्तानी की थी। पौडेल ने अपने कार्यकाल में टीम को सफलता दिलाई। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 में नेपाल को 12 में से 11 वनडे मैच जिताने में मदद की, जिससे टीम ने जून 2023 में जिम्बाब्वे में होने वाले वर्ल्ड कप क्वालिफायर में जगह बनाई।

#### लामिछाने की उपलब्धियां

पौडेल ने बैटिंग ऑर्डर में एक भरोसेमंद और अहम खिलाड़ी की भूमिका निभाई। लामिछाने के नाम उपलब्धियां दर्ज हैं। वह वनडे में सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले नेपाली खिलाड़ी है। वह टी20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले नेपाल के पहले खिलाड़ी हैं।

# अफगानिस्तान वनडे वर्ल्ड 2027 के लिए क्वालिफाई

### आयरलैंड को तीसरे वनडे में 3 विकेट से हराया, राशिद खान प्लेयर ऑफ द मैच



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने तीसरे वनडे में आयरलैंड को 3 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम ने अफगानिस्तान ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालिफाई कर लिया। बेलफास्ट में सोमवार को अफगानिस्तान ने गेंदबाजी चुनी। उसने आयरलैंड को 46.3 ओवर में 206 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर 44.5 ओवर में 7 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। राशिद खान ने नाबाद 37 रन की पारी खेली। उन्होंने 3 विकेट भी झटके।

#### राशिद और यामिन ने जीत दिलाई

अफगानिस्तान ने एक समय 176 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद राशिद खान ने नाबाद 37 रन बनाए। उन्होंने 43 गेंदों की पारी में 4 चौके लगाए। राशिद ने यामिन अहमदजई के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। यामिन अहमदजई 26 गेंदों पर 4 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने अफगानिस्तान को 44.5 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

#### अफगानिस्तान कैसे क्वालिफाई हुआ

अफगानिस्तान इस समय वनडे रैंकिंग में 8वें नंबर पर है। उसने आयरलैंड पर लगातार दूसरी जीत हासिल की है। इसके सहारे टीम 30 सितंबर 2026 तक वनडे रैंकिंग में खुद को टॉप-8 में कायम रख सकेगी। जोकि वनडे वर्ल्डकप क्वालिफिकेशन की कटऑफ डेट है।

### UPT20: जुरेल जैसे भारतीय खिलाड़ियों के साथ खेलने से कैसे मिलता है फायदा?

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश टी20 (क्ष्ठ20) लीग का चौथा सीजन इस बार और भी भव्य और रोमांचक होने जा रहा है। गोरखपुर लायंस की टीम ने टूर्नामेंट के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। टीम के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज आर्यन जुयाल



और तेज गेंदबाज विशाल निषाद ने टीम की तैयारियों, रणनीतियों और आगामी सीजन पर मीडिया से विशेष बातचीत की। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि ध्रुव जुरेल जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलने से क्या लाभ मिलता है। दोनों खिलाड़ी आईपीएल में चुने जा चुके हैं खिलाड़ियों के अनुसार इस सीजन में प्रतिस्पर्धा का स्तर कहीं अधिक ऊंचा रहने वाला है। टीम प्रबंधन और ओनरशिप ने ऑक्शन से लगभग डेढ़ महीने पहले ही होमवर्क शुरू कर दिया था, जिसके दम पर एक संतुलित और मजबूत टीम कॉम्बिनेशन तैयार किया गया है।

# विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप: बंदरों से निपटने का उपाय

### लंगूर की आवाज निकालने वालों की ली जाएगी सेवा

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह दिल्ली में शुरू होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान बंदरों के खलल को रोकने के लिए आयोजकों ने एक अनोखा उपाय अपनाया है। उन्होंने तीन पेशेवर विशेषज्ञों को बुलाया है, जो लंगूर की तरह आवाज निकाल सकते हैं ताकि बंदरों को स्टेडियम से दूर भगाया जा सके।

भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने माना कि यह उपाय सुनने में लोगों को मजाकिया लग सकता है, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे यह भी पता चलता है कि भारत इस विश्वस्तरीय आयोजन को सफल बनाने के लिए कितनी गंभीरता से प्रयास कर रहा है।

**इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम का व्यापक कायाकल्प-** 17 वर्षों बाद भारत में लौट रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई)



और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने मिलकर इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम का व्यापक कायाकल्प किया है। इसका उद्देश्य इस वर्ष जनवरी में हुए इंडिया ओपन के दौरान सामने आई अव्यवस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई आलोचना जैसी स्थिति से बचना है।

**'रीसस मकाक' प्रजाति के बंदर-** आयोजकों ने तीन प्रशिक्षित 'मंकी व्हिस्परर्स' (बंदरों को नियंत्रित करने वाले विशेषज्ञ) को नियुक्त किया है, जो लंगूर की आवाज निकालकर 'रीसस मकाक' प्रजाति के बंदरों को डराकर भगाएंगे।

#### इंडिया ओपन में डाला था खलल

इंदिरा गाधी स्टेडियम में ही 17 से 23 अगस्त तक विश्व चैंपियनशिप आयोजित होगी। यह अनोखा कदम जनवरी में हुए इंडिया ओपन के बाद उठाया गया है। उस टूर्नामेंट के दौरान बंदर दर्शक दीर्घा तक पहुंच गए थे, जिससे कुछ समय के लिए मुकाबलों में व्यवधान पड़ा और इसकी तस्वीरें अंतरराष्ट्रीय मीडिया में सुर्खियां बनी थीं।

#### लंगूर से डरते हैं 'रीसस मकाक'

विशेषज्ञों के अनुसार, 'रीसस मकाक' बंदर लंगूर से डरते हैं। लंगूर आकार में उनसे काफी बड़े होते हैं। इसी स्वाभाविक डर का फायदा उठाने के लिए लंगूर की आवाज की नकल का इस्तेमाल किया जा रहा है। गौरतलब है कि ऐसे कार्यों के लिए वास्तविक लंगूरों के इस्तेमाल पर वर्ष 2012 में प्रतिबंध लगा दिया गया था।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com